(आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 31281/78)

O.I.G.S.

डाक पंजीयन क्रमांक RJ/JPC/205/2021-23

सत्यमेव जयते

राजस्थान
# रोज़गार संदेश
पाक्षिक

(राजस्थान सरकार के रोजगार सेवा निदेशालय द्वारा प्रकाशित व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं रोजगार संबंधी सूचनाओं का एकमात्र प्रकाशन)

वर्ष 45 अंक 12 | Website:http://employment.livelihoods.rajasthan.gov.in | 1 अगस्त, 2022 | फोन : 0141-2368398 | मूल्य : 2.00 | वार्षिक शुल्क 40 रु.

# विश्व युवा कौशल दिवस राज्य स्तरीय समारोह




कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग एवं आरएसएलडीसी के द्वारा इन्दिरा गांधी पंचायती राज संस्थान सभागार में दिनांक 15.07.2022 को विश्व युवा कौशल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता राज्य मंत्री श्री अशोक चांदना ने कहा कि राज्य सरकार कौशल विकास का माहौल तैयार कर राजस्थान को अग्रणी प्रदेश बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कौशल को भविष्य बताते हुए कहा कि जिसके हाथ में हुनर है, वह किसी का मोहताज नहीं है।

श्री चांदना ने कहा कि हमारे देश में सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या है जिनमें अपार संभावनाएं और क्षमताएं है। उनमें बड़े से बड़ा कौशल अर्जित करने की क्षमता है। हम उन्हें कुशल बनाकर देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के लिए तैयार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षित युवा भारतीय रेल, मेट्रो और नामी कंपनियों में काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कोविड की वजह से खेल और कौशल क्षेत्र काफी प्रभावित हुए थे, लेकिन अब स्थिति पुनः सामान्य हो गई है और विभिन्न कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार योग्य बनाने के लिए तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने रिक्रूट, ट्रेंड एंड डिप्लॉय (आरटीडी) प्रशिक्षण मॉडल के तहत विभिन्न कम्पनियों के साथ हुए एमओयू को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे कंपनियों को प्रशिक्षित मानव संसाधन और युवाओं को बेहतर रोजगार मिलेगा।

श्रम राज्य मंत्री श्री सुखराम विश्नोई ने कौशल के महत्त्व को रेखांकित करते हुए कहा कि युवा अपनी पसंद के क्षेत्र में कौशल अर्जित कर आगे बढ़ें और अन्य युवाओं को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि तकनीकी युग में कोई भी कौशल सीखना आसान हो गया है।

शासन सचिव डॉ. आरूषी मलिक ने कहा कि राजस्थान आरंभ से ही कौशल के क्षेत्र में दूरदर्शी सोच के साथ कार्य कर रहा है। आरएसएलडीसी के माध्यम से 5 लाख युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार योग्य बनाया जा चुका है। कौशल विकास के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों को सशक्त किया जा रहा है। राज्य में भिक्षुकों को प्रशिक्षित कर रोजगार दिलाया जा चुका है, जो समाज की मुख्य धारा से जुड़कर सम्मानपूर्वक जीवन जी रहे हैं।

समारोह में पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट सुश्री अवनी लेखरा और हस्त शिल्पकार एवं फैशन डिजाइनर श्रीमती रूमा देवी उपस्थित थीं।

## आरटीडी मॉडल के तहत चार एमओयू



समारोह में रिक्रूट, ट्रेंड एंड डिप्लॉय (आरटीडी) प्रशिक्षण मॉडल के तहत एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स, ईकॉम एक्सप्रेस लिमिटेड, स्किल काउंसिल फॉर ग्रीन जॉब्स एवं वीप्रो जीई हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू किया गया। शासन सचिव डॉ. आरूषी मलिक एवं कंपनी प्रतिनिधियों ने इन पर हस्ताक्षर किए। 100 करोड़ रुपए से अधिक टर्न ओवर एवं 200 से अधिक लोगों को रोजगार देने की क्षमता रखने वाली यह कंपनियां युवाओं का चयन कर आरएसएलडीसी के आर्थिक सहयोग से प्रशिक्षण देगी और फिर अपनी ही संस्थान में रोजगार उपलब्ध कराएगी।

## स्किल एंबेसडर एवं यूथ आइकन्स सहित 97 जने सम्मानित




इस अवसर पर स्किल एंबेसडर के रूप में श्री अशोक यादव को 25 हजार रुपए एवं 12 यूथ आइकन्स को 11-11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। साथ ही ब्रांड एंबेसडर, कौशल प्रतियोगिताओं के विजेता तथा निगम से कौशल प्रशिक्षित एवं रोजगार-स्वरोजगार से जुड़े दिव्यांगजन, महिला एवं भिक्षुकों सहित 97 जनों का सम्मान किया गया।

**भारत सरकार**
# केन्द्रीय भूजल बोर्ड
**जल शक्ति मंत्रालय**
## जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
**केन्द्रीय क्षेत्र**
**नागपुर-440001**

क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भूजल बोर्ड, जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, केन्द्रीय क्षेत्र, एन.एस बिल्डिंग, पुराने वीसीए के सामने, सिविल लाइन्स, नागपुर-440001, केन्द्रीय भूजल बोर्ड, जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग में **स्टाफ कार ड्राइवर (सामान्य ग्रेड)** ग्रुप 'ग' (लिपिकवर्गीय अराजपत्रित), अस्थाई लेकिन जारी रहने की संभावना, के **26 पदों** की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करता है. आवेदन के लिफाफे के ऊपर **''स्टाफ कार ड्राइवर (सामान्य ग्रेड), ग्रुप 'ग'** (लिपिकवर्गीय, अराजपत्रित) के पद हेतु आवेदन'' लिखकर रजिस्टर्ड/स्पीड **डाक द्वारा उक्त** पते पर **क्षेत्रीय निदेशक के पास** तिथि 21 अगस्त, 2022 **के अंदर पहुंच जाने चाहिए**. पात्रता और अन्य विवरण निम्नलिखित हैं:

| क्र. सं. | पदों का विवरण | पद की व्याख्या |
|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | **स्टाफ कार चालक** (सामान्य ग्रेड) |
| 2. | पद की संख्या | **श्रेणी:** अना 09, ईडब्ल्यूएस 07, अपिव 04, अजा 06; **कुल रिक्तियां:** 26 पद (भूपूसै-02 सहित) |
| 3. | **वर्गीकरण** | सामान्य केन्द्रीय सेवा ग्रुप - ग (अराजपत्रित, लिपिकवर्गीय) |
| 4. | **वेतन मैट्रिक्स में लेवल** | वेतन मैट्रिक्स में लेवल-2 (रुपये 19,900) |
| 5. | **क्या चयन पद / गैर-चयन पद है** | गैर - चयन |
| 6. | **आयु सीमा** | 18 से 27 वर्ष के बीच (सरकारी कर्मचारियों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा जारी अनुदेश या आदेशानुसार 40 वर्ष तक की छूट)<br>नोट 1: आयु सीमा निर्धारित करने के लिए निर्णायक तिथि, भारत में उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी (और ना कि असम, मेघालय, मणिपुर, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम,जम्मू- कश्मीर राज्य का लद्दाख प्रभाग, हिमाचल प्रदेश के चम्बा जिले के पांगी उप प्रभाग और लाहौल व स्पीति प्रभाग, अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह या लक्षद्वीप में रह रहे उम्मीदवारों के लिए). |
| 7. | **सीधी भर्ती के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य योग्यता/अनुभव:** | (i) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक;<br>(ii) भारी वाहन के लिए ड्राइविंग लाइसेंस;<br>(iii) भारी वाहन चलाने का 3 वर्ष का अनुभव;<br>(iv) मोटर मैकेनिज़्म का ज्ञान; और<br>(v) हिन्दी या अंग्रेजी भाषा और संख्याओं को पढ़ने और लिखने की क्षमता. |
| 8. | **भर्ती का तरीका क्या सीधी या पदोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा और विभिन्न तरीकों से भरी जाने वाली रिक्तियों का प्रतिशत** | सीधी भर्ती (संबंधित भर्ती नियमों के अनुसार) |
| 9. | **पदोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन ग्रेड द्वारा जिससे पदोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाना है, के मामले में.** | लागू नहीं |
| 10. | **कार्यस्थल** | **भारत में कहीं भी** |
| 11. | **परिवीक्षा की अवधि** | 02 (दो वर्ष) |
| 12. | **नियमित या अस्थायी** | पद अस्थायी है, लेकिन जारी रहने की संभावना है. |
| 13. | **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि** | आवेदन वाले लिफाफे के ऊपर **''स्टाफ कार ड्राइवर (सामान्य ग्रेड) ग्रुप 'ग'** (लिपिकवर्गीय, अराजपत्रित) के पद हेतु आवेदन'' लिखा होना चाहिए. डाक को रजिस्टर्ड/स्पीड डाक द्वारा उक्त पते पर क्षेत्रीय निदेशक के पास विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **30वें** दिन को शाम 5 बजे तक पहुंच जाने चाहिए. निर्धारित तिथि और समय के बाद प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा और सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा. यह कार्यालय किसी भी डाक विलम्ब के लिए जिम्मेदार नहीं होगा. |
| 14. | **आवेदन कैसे करें** | इच्छुक उम्मीदवार जो उक्त अपेक्षाओं को पूरा करते हैं और भारत में कहीं भी सेवा देने के लिए तैयार हैं, वे आवेदन कर सकते हैं. यदि सरकारी सेवा में पहले से हैं तो उन्हें आयु, जाति प्रमाणपत्र, योग्यता, अनुभव, ड्राइविंग लाइसेंस आदि के प्रमाण की सत्यापित फोटोप्रतियों के साथ दिए गए नमूना प्रारूप में उचित माध्यम से आवेदन करना होगा. यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आवेदन सभी रूपों में पूर्ण है और इसे **क्षेत्रीय निदेशक, सीजीडब्ल्यूबी, केन्द्रीय क्षेत्र, एन.एस बिल्डिंग, पुराने वीसीए के सामने, सिविल लाइन्स, नागपुर-440001** के कार्यालय में स्पीड/रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजा जाना चाहिए और आवेदन के लिफाफे के ऊपर **''स्टाफ कार ड्राइवर (सामान्य ग्रेड) के पद हेतु आवेदन''**. जहां अक्षरों (अर्थात् ए,बी,सी आदि) में ग्रेडिंग अंकित है, वहां आवेदकों को अंकों का प्रतिशत, केलकुलेशन डिटेल्स जो अंक तालिका के पीछे दी गई है, प्रस्तुत करनी होगी. |
| 15. | **अन्य जानकारी** | आवेदन जो अपूर्ण/अपाठ्य/हस्ताक्षर के बिना/अपेक्षित दस्तावेजों द्वारा समर्थित नहीं/अंतिम तिथि के बाद प्राप्त या किसी भी रूप में अपूर्ण आवेदनों को सीधे अस्वीकार कर दिया जाएगा. न्यूनतम निर्धारित योग्यताओं और अनुभव को पूरा कर लेने मात्र से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा. पद के लिए प्राप्त सभी आवेदनों की एक स्क्रिनिंग समिति द्वारा जांच की जाएगी और साक्षात्कार/व्यवसाय परीक्षा के लिए केवल लघुसूचीबद्ध उम्मीदवारों को बुलाया जाएगा. स्क्रिनिंग समिति का निर्णय अंतिम होगा. किसी भी स्तर पर पद की भर्ती के संदर्भ में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा. साक्षात्कार/व्यवसाय परीक्षा की तिथि और समय लघसूचीबद्ध **उम्मीदवारों को** अलग से सूचित कर दिया जाएगा. संगठन आवेदन की प्राप्ति में डाक विलंब के लिए जिम्मेदार नहीं होगा. केन्द्र/राज्य/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम में पहले से नियुक्त उम्मीदवारों को अपने नियोक्ता से **अनापत्ति प्रमाणपत्र** प्राप्त करके उचित माध्यम से अपने आवेदन जमा करने होंगे. |

**नोट:**

1. रिक्तियों को सीजीडब्ल्यूबी के विवेक से कम या ज्यादा किया जा सकता है.
2. चयन होने मात्र से नियुक्ति के लिए उम्मीदवार **को कोई भी अधिकार** प्रदान नहीं करेगा.
3. क्षेत्रीय निदेशक/केन्द्रीय मुख्यालय, सीजीडब्ल्यूबी **कोई भी कारण बताये** बिना किसी भी स्तर पर भर्ती को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.
4. इस विज्ञापन के संदर्भ में जारी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र, यदि **कोई है, को सीजीडब्ल्यूबी** की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा. उम्मीदवारों को इसे भर्ती संबंधी अद्यतन **जानकारी के लिए** वेबसाइट देखते रहने की सलाह दी जाती है.
5. आवेदन प्रारूप यहां संलग्न है.

**(एन. वारादराज)**
**क्षेत्रीय निदेशक**
**सीजीडब्ल्यूबी, सीआर, नागपुर**

**आवेदन प्रारूप**

हाल का पासपोर्ट आकार फोटो चिपकाएं

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पद हेतु आवेदन | **स्टाफ कार ड्राइवर (सामान्य ग्रेड)** |
| 2. | पूरा नाम (बड़े अक्षरों में) | |
| 3. | पिता का नाम | |
| 4. | जन्मतिथि | |
| 5. | लिंग | |
| 6. | श्रेणी (अना/अपिव/अजा/अजजा/ईडब्ल्यूएस/ भूपूसै) | |
| 7. | राष्ट्रीयता | |
| 8. | **स्थायी पता** | |
| 9. | **पत्राचार हेतु पता** | |
| 10. | **शैक्षिक और अन्य योग्यताएं:**<br>(i) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक<br>(ii) भारी वाहन के लिए ड्राइविंग लाइसेंस धारक;<br>(iii) भारी वाहन चलाने का तीन वर्ष का अनुभव;<br>(iv) मोटर मैकेनिज़्म का ज्ञान; और<br>(v) हिन्दी या अंग्रेजी भाषा और संख्याओं को पढ़ने और लिखने की क्षमता | |
| 11. | रोज़गार विनिमय पंजीकरण सं. तिथि और पंजीकरण का स्थान, यदि कोई है | |
| 12. | **क्या आप भारत में कहीं भी सेवा देने के लिए तैयार हैं(हां/नहीं)** | |
| 13. | संलग्नकों की सूची (सभी प्रमाणपत्रों की स्वसत्यापित प्रतियां संलग्न की जानी चाहिए)<br>क. शैक्षिक योग्यता (मैट्रिक का अंक कार्ड)<br>ख. भारी वाहन के लिए ड्राइविंग लाइसेंस.<br>ग. भारी वाहन चलाने का अनुभव प्रमाणपत्र.<br>घ. जन्मतिथि का प्रमाण<br>च. जाति प्रमाणपत्र (यदि लागू है)<br>छ. रोज़गार पंजीकरण कार्ड<br>ज. अन्य कोई विवरण | |

**घोषणा**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि इस पत्र में दिए गए सभी कथन मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुरूप सत्य, पूर्ण और सही है. यदि किसी भी स्तर पर कोई भी जानकारी झूठी या गलत या अयोग्यता पाई जाती है तो मेरी उम्मीदवारी या नियुक्ति को किसी सूचना के बिना समाप्त कर दिया जाएगा.

# रक्षा मंत्रालय
# 815 कम्बैट इंजीनियरिंग ट्रेनिंग कैम्प
## भर्ती सूचना सं.: 1611/41/ए4
## सिविलियन पदों समूह 'ग' रिक्तियों की सीधी भर्ती

1. 815 सीईटीसी में नीचे वर्णित पदों के लिए, सिविलियन पद समूह 'ग' रिक्तियों, की सीधी भर्ती के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं:-

| पता | नियुक्ति का स्थान | पद | रिक्तियां | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना | अजा | अजजा | अपिव | कुल |
| कमांडिंग अधिकारी<br>815 सीईटीसी<br>पिन-913815<br>मार्फत 56 एपीओ | 815 सीईटीसी बिरधवाल, सूरतगढ़, राजस्थान | स्टोरकीपर | 01 | | | | 01 |
| | | एमटीएस | 04 | | | 01 | 05 |

2. पदों के लिए वेतनमान, न्यूनतम शैक्षिक अर्हता, अनुभव निम्नानुसार है:-

| क्रम सं. | पद का नाम | वेतनमान, साथ में वर्गीकरण | अर्हता | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|
| क | स्टोर कीपर | लेवल-2 (7वें कें.वे.आ. के अनुसार) और अन्य भत्ते. सामान्य केंद्रीय सेवाएं, समूह 'ग' अराजपत्रित, गैर अनुसचिवीय | मान्यताप्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से 12वीं श्रेणी उत्तीर्ण अथवा इसके समकक्ष. | 18 से 27 वर्ष |
| ख | एमटीएस | लेवल-1 (7वें कें.वे.आ. के अनुसार) और अन्य भत्ते. सामान्य केंद्रीय सेवाएं, समूह 'ग' अराजपत्रित, गैर अनुसचिवीय | मान्यताप्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से 10वीं श्रेणी उत्तीर्ण अथवा इसके समकक्ष. | 18 से 25 वर्ष |

**प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षर: अजा**-अनुसूचित जाति, **अजजा**-अनुसूचित जनजाति, **अपिव**-अन्य पिछड़ा वर्ग, **अना**-अनारक्षित, **भूपूर्व**-भूतपूर्व सैनिक, **शावि**-शारीरिक विकलांग, या.भ.: यात्रा भत्ता, **डीए**-दैनिक भत्ता, **सीईटीसी**-कम्बैट इंजीनियरिंग ट्रेनिंग कैम्प

**3. आयु में छूट:**

**(क) अपिव उम्मीदवारों के लिए:** अपिव से संबंधित उम्मीदवारों के लिए **तीन वर्ष.**

**(ख) अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए:** अजा/अजजा श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए पांच वर्ष.

**(ग) शावि उम्मीदवारों के लिए**-शारीरिक विकलांग श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए दस वर्ष. (अजा, अजजा से संबंधित शारीरिक विकलांग के मामले में अतिरिक्त 05 वर्ष और अपिव श्रेणी के लिए 03 वर्ष अतिरिक्त ).

**(घ) भूतपूर्व सैनिकों के लिए:** भूतपूर्व सैनिक (भूपूसै) जिसने संघ के सशस्त्र बलों में कम से कम छह माह की निरंतर सेवा की है उन्हें अपनी वास्तविक आयु से ऐसी सेवा की अवधि घटाने की अनुमति होगी और यदि परिणामी आयु पद के लिए, जिसके लिए वह नियुक्ति चाह रहा है, निर्धारित अधिकतम आयु सीमा को पार नहीं करती है, उसे आयु सीमा संबंधी शर्त को पूरा किया माना जाएगा.

**(ङ) सरकारी सेवक के लिए:** 40 वर्ष तक

4. अजा/अजजा/अपिव/भूपूसै/शावि के लिए आरक्षण लागू भारत सरकार के मौजूदा नियमों के तहत शासित होगा.

**5. निर्णायक तिथि:** आयु सीमा के निर्धारण के लिए आवेदन प्राप्ति की बंद होने की तिथि होगी.

**6. बंद होने की तिथि:** आवेदन प्राप्ति के लिए बंद होने की तिथि पूर्वोत्तर राज्यों, जम्मू एवं कश्मीर, अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह, लक्षद्वीप और हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड आदि के दूरदराज के क्षेत्रों में स्थित आवेदकों सहित **अंतिम तिथि 21 अगस्त, 2022 है.** आवेदन-पत्र केवल सरकारी डाक (साधारण/पंजीकृत/स्पीड पोस्ट) से भेजा जाना चाहिए अथवा 815 सीईटीसी, बिरधवाल, सूरतगढ़ (राजस्थान) में इस उद्देश्य के लिए रखे गए बाक्स में हाथों-हाथ डाला जाना चाहिए.

**7. आवेदन कैसे करें:** आवेदन-पत्र दिये गये प्रपत्र में, साथ में प्रवेश पत्र (दो प्रतियां), संगत अनुलग्नक और निम्नलिखित दस्तावेजों की सत्यापित प्रमाणित प्रतियां संलग्न करते हुए प्रस्तुत किए जाने हैं:-

(क) राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित हाल के पासपोर्ट आकार के तीन फोटोग्राफ एक आवेदन-पत्र के दाईं तरफ कोने में और एक प्रवेश-पत्र पर (दो प्रतियां) चिपकाएं तथा दो स्वयं सत्यापित (उलटी तरफ) पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ उनके पीछे नाम, फोटो की तिथि और जन्म तिथि लिखकर आवेदन-पत्र के साथ अलग से संलग्न किए जाने हैं.

(ख) सभी उम्मीदवारों को आवेदन-पत्र के साथ सक्षम प्राधिकारी से जारी और राजपत्रित अधिकारी से विधिवत सत्यापित जन्म तिथि (जन्म प्रमाणपत्र या 10वीं श्रेणी प्रमाणपत्र), शैक्षणिक अर्हता और अनुभव प्रमाणपत्र के लिए समर्थित दस्तावेज संलग्न किए जाने चाहिए. इसके अलावा सभी श्रेणियों से संबंधित प्रमाणपत्रों जैसे कि जाति प्रमाणपत्र, गैर संपन्न वर्ग प्रमाणपत्र (अपिव उम्मीदवारों के मामले में), अनापत्ति प्रमाणपत्र (सशस्त्र सेनाओं/सरकारी सेवा में सेवारत व्यक्तियों के मामले में) और डिस्चार्ज प्रमाणपत्र (भूतपूर्व सैनिकों के मामले में) की सत्यापित प्रतियां संलग्न की जानी हैं.

(ग) उम्मीदवारों द्वारा आवेदन-पत्र अंग्रेजी या हिंदी में भरे जा सकते हैं. आवेदन-पत्र टंकण/लिखने के लिए काली स्याही का इस्तेमाल किया जाएगा तथा इसमें व्यक्तिशः विवरण भरने के लिए नीली स्याही का प्रयोग किया जाएगा.

(घ) निर्धारित प्रपत्र के अनुरूप हर प्रकार से पूर्ण, विधिवत भरा हुआ आवेदन-पत्र साथ में समर्थित दस्तावेज, दो स्वयं सत्यापित पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ और दो 25 सें.मी. x 10 सें.मी. आकार के स्वयं का पता लिखे लिफाफे, उन पर प्रत्येक पर 25 रु. की डाक टिकट चिपकाकर **''कमांडिंग अधिकारी, 815 कम्बैट इंजीनियरिंग ट्रेनिंग कैम्प, पिन-913815 मार्फत 56 एपीओ''** के पते पर प्रेषित किया जाएगा. आवेदक को अपना लिफाफा एक अन्य लिफाफे में सील करना चाहिए और लिफाफे पर सबसे ऊपर साफ अक्षरों में **''पद (पद का नाम) के लिए आवेदन-पत्र''** लिखा जाना चाहिए.

**(ङ) टिप्पणी: आवेदन-पत्र के साथ मूल प्रमाणपत्र नहीं भेजे जाने चाहिए.**

**8. चयन प्रक्रिया:** चयन प्रक्रिया में सभी उम्मीदवारों की आरंभिक स्क्रीनिंग, शारीरिक परीक्षण (यथा लागू) लिखित परीक्षा (सभी श्रेणियों के लिए) शामिल होगी. अंतिम मैरिट का निर्णय लिखित परीक्षा में प्राप्त संयुक्त अंकों के आधार पर किया जाएगा. शारीरिक परीक्षण के लिए कोई अंक नहीं दिया जाएगा परंतु लिखित परीक्षा के लिए उपस्थित होने के वास्ते शारीरिक परीक्षण में अर्हता प्राप्त करना अनिवार्य है. न्यूनतम निर्धारित अर्हताएं पूरी करने मात्र से उम्मीदवार को चयन अथवा चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं हो जाएगा.

**(क) आरंभिक स्क्रीनिंग**

(i) बंद होने की तिथि और समय तक प्राप्त आवेदनों की उनके सही और पूर्ण होने का पता लगाने के लिए अधिकारियों के विभागीय बोर्ड द्वारा स्क्रीनिंग संचालित की जाएगी. अपूर्ण/अहस्ताक्षरित आवेदनों, बगैर अंगूठे के निशान के आवेदनों, जिन आवेदनों के साथ प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रतियां संलग्न नहीं की जाएंगी, दो अतिरिक्त स्वयं सत्यापित फोटोग्राफ के बगैर आवेदनों को सरसरी तौर पर ही नामंजूर कर दिया जाएगा और इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा. आवेदन के किसी भी हिस्से में ओवरराइटिंग वाले आवेदनों को भी अस्वीकार कर दिया जाएगा. डाक में देरी अथवा किसी अन्य कारण से आवेदनों की अप्राप्ति अथवा देरी से प्राप्ति के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा.

(ii) आवेदन की अस्वीकृति निम्नलिखित आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा:-

(क) आवेदन-पत्र निर्धारित प्रपत्र में नहीं है.

(ख) अपूर्ण/अहस्ताक्षरित आवेदन-पत्र.

(ग) बगैर अंगूठे के निशान के आवेदन-पत्र.

(घ) अर्हता, जन्म तिथि और श्रेणियों (यदि लागू है) से संबंधित सत्यापित प्रतियां संलग्न नहीं होने वाले आवेदन-पत्र.

(ङ) आवेदन-पत्र और प्रवेश पत्र पर सत्यापित पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ(राजपत्रित अधिकारी द्वारा)

(च) दो स्वयं सत्यापित अतिरिक्त पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ

(छ) आवेदन पत्र के किसी भी भाग में कटिंग और ओवरराइटिंग वाले आवेदन-पत्र.

(ज) डाक में देरी अथवा किसी अन्य कारण से आवेदन की अप्राप्ति अथवा देरी से प्राप्त होना.

(झ) सरकारी सेवा/एज्यूम्ड फ्री में सेवा के मामले में अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं करना.

(ट) भूपूसै के मामले में डिस्चार्ज प्रमाणपत्र प्रस्तुत न करना.

(iii) ऐसे सभी उम्मीदवारों को जिनके आवेदन-पत्र सही पाए जाएंगे और जांच उपरांत पात्र उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा तिथि के लिए सूचित करते हुए प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे और ऐसे उम्मीदवारों की सूची लिखित परीक्षा की तिथि से सात दिन पहले 815 सीईटीसी, बिरधवाल, सूरतगढ़ (राजस्थान) के कार्यालय में प्रदर्शित की जाएगी.

**(ख) शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) (केवल एमटीएस के लिए).** आवेदित पद के लिए अर्हक सभी अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवारों के लिए पीईटी का आयोजन किया जाएगा. पीईटी के लिए मानदंड निम्नलिखित समय के अनुसार 1.6 कि.मी. की दौड़ में अर्हता प्राप्त करना है:-

(i) पुरुष उम्मीदवार 6 मिनट में 40 सेकेंड

(ii) महिला उम्मीदवार 8 मिनट में 30 सेकेंड

**टिप्पणी: केवल पीईटी में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा. निःशक्त व्यक्तियों को पीईटी में उपस्थित होने से छूट प्राप्त है.**

**(ग) लिखित परीक्षा:** लिखित परीक्षा अलग से अधिसूचित की जाने वाली तिथि को दो घण्टा (2 घण्टा) अवधि की होगी. लिखित परीक्षा के नीचे दिए अनुसार चार भाग होंगे. प्रश्न पत्र द्विभाषी अर्थात अंग्रेजी और हिंदी में होगा. हालांकि अंग्रेजी भाषा विषय के हिस्से के प्रश्न केवल अंग्रेजी में होंगे. प्रश्न पर विभिन्न पदों के लिए न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता का उपयुक्त स्तर के होंगे.

| भाग | विषय | अधिकतम अंक | कुल अवधि |
|---|---|---|---|
| भाग-I | सामान्य बुद्धिमत्ता और रीजनिंग | 50 | 2 घण्टे |
| भाग-II | संख्यात्मक अभिरुचि | 50 | |
| भाग-III | सामान्य अंग्रेजी और सामान्य जागरूकता | 50 | |
| भाग-IV | विशेषीकृत ट्रेड विषय | 50 | |

(घ) शारीरिक परीक्षा/लिखित परीक्षा के लिए स्थान मिलिट्री स्टेशन सूरतगढ़ (राजस्थान).

(ङ) लिखित परीक्षा के लिए उम्मीदवारों के पास प्रवेश पत्र, पहचान का सबूत जैसे कि मतदाता पहचान पत्र/ड्राइविंग लाइसेंस/आधार कार्ड आदि और लेखन सामग्री (पेन, पेन्सिल, क्लिपबोर्ड आदि) होनी चाहिए. उम्मीदवारों के लिए केवल साक्षात्कार के समय अपने मूल दस्तावेज/प्रमाणपत्र जैसे कि जन्म तिथि, शिक्षा अर्हता, आईटीआई प्रमाणपत्र, अजा/अजजा/अपिव, अनुभव प्रमाणपत्र आदि लेकर आना और प्रस्तुत करना अपेक्षित है.

(च) उम्मीदवारों को शारीरिक परीक्षा, लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के लिए प्रवेश पत्र लेकर आना होगा.

**(छ) मामलों का समाधान.** उन मामलों में जहां एक से अधिक उम्मीदवार समान कुल अंक अर्जित कर लेते है, बराबरी का समाधान नीचे दी गई पद्धतियों में एक के बाद एक समाधान निकाला जाएगा:-

(i) लिखित परीक्षा में कुल अंक

(ii) जन्म तिथि, आयु में बड़े उम्मीदवार को वरीयता दी जाएगी.

(iii) उम्मीदवारों के नामों में आने वाले पहले अक्षरों के अक्षर क्रम के अनुसार अर्थात उम्मीदवार जिसका नाम ऐसे अक्षर से आरंभ होता है जो अक्षर क्रम में पहले आता है, वरीयता दी जाएगी.

**(ज) वांछनीय अर्हता:**

**(i) स्टोर कीपर:-** स्टोर कीपिंग/स्टोर प्रबंधन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम. स्टोर्स की देखरेख करने और स्टोर का लेखाजोखा रखने से सुपरिचित हों और बेसिक कम्प्यूटर एप्लीकेशन का ज्ञान साथ में एक वर्ष का अनुभव.

**(ii) एमटीएस:-** एमटीएस के कार्यों से सुपरिचित हों, साथ में संबंधित ट्रेड में एक वर्ष का अनुभव जैसे कि संदेशवाहक/सफाईवाला, यथा लागू.

**(झ) चिकित्सा जांच:** अंतिम नियुक्ति के लिए अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवारों को सरकारी नियमों के अनुसार चिकित्सा जांच से गुजरना होगा.

**9. अयोग्यता:** (i) कोई व्यक्ति जिसने किसी ऐसे व्यक्ति के साथ विवाह या विवाह अनुबंध किया है जिसका जीवनसाथी जीवित है, अथवा (ii) ऐसा व्यक्ति जिसका जीवनसाथी जीवित है और किसी व्यक्ति के साथ विवाह या विवाह अनुबंध किया है, सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा. (iii) केंद्रीय सरकार ऊपर उल्लिखित पैरा में नियमों के प्रचालन से किसी भी व्यक्ति को छूट दे सकती है, यदि वह संतुष्ट हो जाती है कि ऐसे विवाह की अनुमति उस व्यक्ति और विवाह करने वाले दूसरे पक्ष के लिए लागू निजी कानून में है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं. (iv) कोई व्यक्ति जिसने लाभ/आरक्षण पाने के लिए आवेदन पत्र में गलत सूचना, झूठा प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया है, रक्षा मंत्रालय में सेवारत संबंधियों/निकट संबंधियों के संबंध में आवेदन पत्र में गलत /झूठी सूचना दी है, अथवा जिसने जानबूझकर कोई तथ्यात्मक सूचना को छिपाया है, भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी और/अथवा यदि उम्मीदवार का चयन हो गया है, सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा.

**10. कदाचार का दोषी पाए जाने वाले उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई** उम्मीदवारों को चेतावनी दी जाती है कि वे आवेदन पत्र भरते समय ऐसा कोई विवरण प्रेषित न करें जो झूठा है अथवा कोई तथ्यात्मक सूचना न छिपाएं. उम्मीदवारों को यह भी चेतावनी दी जाती है कि उन्हें किसी दस्तावेज में अथवा प्रस्तुत की गई इसकी सत्यापित/प्रमाणित प्रति में किसी प्रविष्टि में कांटछांट न करें और न ही कांटछांट किया गया/बनावटी दस्तावेज प्रस्तुत करें. यदि ऐसे दो या अधिक दस्तावेजों अथवा उनकी सत्यापित/प्रमाणित प्रतियों में कोई अशुद्धिता अथवा त्रुटि का पता चलता है, त्रुटि के संबंध में एक स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जाना चाहिए. कोई उम्मीदवार जिसे विभाग द्वारा ऊपर विनिर्दिष्ट कृत्य/गलतियों, ऐसे कृत्य करने के प्रयास या बढ़ावा देने के प्रयास, जो भी मामला है, सहित नीचे वर्णित पैरा में विनिर्दिष्ट सभी या किसी भी कृत्यों के मामले में, दोषी ठहराया जाता है/गया है, वह अपने विरुद्ध आपराधिक मुकदमे के अलावा निम्नलिखित के लिए भी जिम्मेदार होगा:-

(क) विभाग द्वारा उस चयन से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा, जिसके लिए वह उम्मीदवार है और/अथवा

(ख) स्थाई तौर पर अथवा एक विनिर्दिष्ट अवधि के लिए घोषित कर दिया जाएगा:-

(i) विभाग द्वारा आयोजित किसी परीक्षा अथवा चयन से.

(ii) केंद्रीय सरकार द्वारा उसके अधीन किसी रोज़गार से और.

(iii) यदि वह पहले से ही सरकारी सेवा में हैं, उपयुक्त नियमों के अधीन अनुशासनात्मक कार्रवाई.

(क्रमशः)

(ग) कृत्य/त्रुटियां जिनसे उक्त पैरा में उल्लिखित मुकदमा किया जा सकता है, वे हैं:- किसी भी तरीके से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन हासिल करना, अथवा छदमरूपण अथवा किसी व्यक्ति से छदमरूपण प्राप्त करना अथवा बनावटी दस्तावेज प्रस्तुत करना अथवा ऐसे दस्तावेज जिनमें कांटछांट की गई है प्रस्तुत करना अथवा गलत या झूठी सूचना देना अथवा तथ्यात्मक जानकारी छिपाना अथवा चयन हेतु अपनी उम्मीदवारी के संबंध में कोई अन्य अनियमित अथवा अनुचित तरीकों का सहारा लेना, परीक्षा के दौरान अनुचित तरीकों का प्रयोग अथवा स्क्रिप्ट्स में अश्लील भाषा अथवा पोर्नोग्राफिक बातों सहित असंगत बातें लिखना अथवा परीक्षा में किसी अन्य तरीके से दुर्व्यवहार करना, अथवा विभाग द्वारा अपनी परीक्षा के आयोजन के लिए तैनात स्टाफ को परेशान करना अथवा शारीरिक चोट पहुंचाना अथवा परीक्षा हॉल/साक्षात्कार के दौरान मोबाइल फोन/संचार उपकरण ले जाना अथवा किसी भी प्रकार की सिफारिश करवाना.

**11. नियुक्ति**

**(क) मेडिकल फिटनेस:** उम्मीदवार भारत में कहीं भी, किसी भी स्थिति/जलवायु/फील्ड एरिया आदि में ड्यूटी के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से फिट अवश्य होना चाहिए. केवल वही उम्मीदवार ऐसी चिकित्सा जांच के उपरांत, जो भी सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित की जाती है, यदि चिकित्सा की दृष्टि से फिट पाया जाता है, ऊपर निर्धारित चयन प्रक्रिया में उसकी मैरिट के विषयाधीन नियुक्त किया जाएगा.

(ख) पुलिस सत्यापन के बाद चरित्र एवं पूर्ववृत्त के विषयाधीन **चयनित उम्मीदवार को 815 सीईटीसी में नियुक्त** किया जाएगा.

(ग) उम्मीदवार, जिसे इस परीक्षा के आधार पर **नियुक्त किया जाता है, दो वर्षों की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होगा** और परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी **होने के बाद, उम्मीदवारों को,** यदि **स्थाई** नियुक्ति के लिए योग्य माना जाता है, नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा उनके **पद पर पुष्टि कर दी जाएगी और** यह उम्मीदवारी के रूप में प्रस्तुत प्रमाणपत्रों के सत्यापन के विषयाधीन होगा.

**12. सभी उम्मीदवारों के लिए अतिरिक्त सूचना और सामान्य अनुदेश:**

(क) नई अंशदायी पेंशन नीति लागू होगी.

(ख) भर्ती होने पर **संबद्ध व्यक्ति 2 वर्षों के लिए** परिवीक्षा पर होगा.

(ग) शारीरिक परीक्षा/**लिखित परीक्षा/साक्षात्कार** की तिथियों और स्थान के बारे में पात्र उम्मीदवारों को बाद में सूचित किया जाएगा.

(घ) एक आवेदक **यदि** वह **चाहता है** एक से अधिक पद के लिए आवेदन कर सकता है. उसे प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग **आवेदन-पत्र प्रस्तुत करना** चाहिए.

(ङ) अजा/अजजा/**अपिव उम्मीदवार** जो कि अनारक्षित पद के लिए आवेदन करता **है** आरक्षित **श्रेणी की छूट नहीं** दी जाएगी, क्योंकि उन पर **अनारक्षित** श्रेणी में विचार किया जाएगा.

(च) सेवारत **रक्षा कार्मिक/केंद्रीय**/राज्य सरकार के सिविलियन कर्मचारियों **को आवेदन करते समय** अपने नियोक्ता/कार्यालय से ''अनापत्ति प्रमाणपत्र'' प्रेषित करना चाहिए अन्यथा **उनकी उम्मीदवारी** निरस्त कर दी जाएगी.

(छ) कृपया नोट कर लें कि अपूर्ण आवेदन-पत्र जैसे कि बगैर फोटोग्राफ **चिपकाए,** फोटोग्राफ का मिलान नहीं होना, फोटो राजपत्रित अधिकारी **द्वारा** सत्यापित नहीं होना अथवा जाति प्रमाणपत्र (जो भी लागू है) **और/अथवा आवेदन** प्राप्ति की ऊपर इंगित अंतिम तिथि को आवेदक की अधिक आयु/**कम आयु होने पर उम्मीदवार को सूचित किए बगैर** अस्वीकार कर दिया जाएगा.

(ज) कोई **यात्रा भत्ता/दैनिक** भत्ता देय नहीं है. लिखित **परीक्षा/कौशल** परीक्षा/**साक्षात्कार** के दौरान उम्मीदवार ठहरने/**खाने पीने** का स्वयं **प्रबंध** करेंगे.

(झ) यह **स्पष्ट** किया जाता **है** कि बुनियादी अनिवार्य **अर्हक अपेक्षाएं** पूरी **करने मात्र से** कोई व्यक्ति स्वतः ही परीक्षा के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं हो जाएगा. चयन **पूर्णतः मैरिट के आधार** पर किया जाएगा. चयन/अस्वीकृति के संबंध में नियुक्ति **प्राधिकारी** का निर्णय अंतिम होगा. **यह** भी **स्पष्ट किया जाता है कि पदों/रिक्तियों की संख्या अनंतिम** है और बढ़ाई/**घटाई** जा सकती **हैं** अथवा भर्ती **प्रक्रिया** को **प्रशासनिक कारणों से** किसी भी चरण में निरस्त/ निलंबित/समाप्त किया जा सकता है.

(ट) जहां कहीं **समान** पदों के लिए पुनः विज्ञापन जारी **किया जाता है आयु की गणना** मूल/आरंभिक विज्ञापन में आवेदनों की प्राप्ति के लिए निर्धारित **अंतिम** तिथि को की **जाएगी.**

(ठ) 815 सीईटीसी **किसी** प्रकार **की** क्षति/हानि के लिए **जिम्मेदार** नहीं होगी, भले ही परीक्षाओं के दौरान और चयन प्रक्रिया में प्रत्यक्ष अथवा **परिणामी** हो.

(ड) 815 सीईटीसी के **पास बगैर कोई** कारण **बताए** रिक्तियों को वापस लेने और परिवीक्षा अवधि के दौरान नियुक्ति समाप्त करने का अधिकार **सुरक्षित है.**

(ढ) किसी भी प्रकार की **सिफारिश** से **उम्मीदवार अयोग्य** हो जाएगा. किसी भी पूछताछ अथवा पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

(च) **चेतावनी:** सभी उम्मीदवारों को **चेतावनी** दी जाती **है कि स्वयं भू** एजेंटों से सावधान रहें और उनसे यह भी अनुरोध किया जाता है कि उनके द्वारा कोई भी **गलत** व्यवहार देखे जाने/**अवलोकित** किए जाने पर कमांडिंग अधिकारी को रिपोर्ट करें.

**13. भर्ती प्राधिकारी का निर्णय अंतिम:** पात्रता, **आवेदनों** की **स्वीकार्यता** अथवा अस्वीकार्यता, झूठी सूचना के लिए पेनाल्टी, चयन की पद्धति, परीक्षा के आयोजन और **परीक्षा केंद्रों के आबंटन** तथा **चयनित उम्मीदवारों** के चयन से संबंधित सभी मामलों में भर्ती प्राधिकारी का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों के लिए **बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध** में किसी पूछताछ/पत्रचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

14. अदालती कार्याधिकार, इस भर्ती के संबंध में कोई भी विवाद 815 सीईटीसी के कार्याधिकार क्षेत्र में स्थित अदालतों/अधिकरणों के विषयाधीन होगा जहां पर उम्मीदवार ने आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

**आवेदन का प्रपत्र**

**815 कम्बैट इंजीनियरिंग ट्रेनिंग कैम्प**

**....................पद के लिए आवेदन-पत्र**

**(आवेदन-पत्र केवल काली/नीली स्याही में प्रिंट/ भरा जाना चाहिए)**

राजपत्रित अधिकारी से विधिवत सत्यापित पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाएं और अधिकारी के हस्ताक्षर और मोहर चेहरे पर नहीं होने चाहिए. फोटो को स्टैपल न करें.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदक का पूरा नाम (साफ अक्षरों में) (हिंदी और अंग्रेजी में) | |
| 2. | पिता का नाम | |
| 3. | माता का नाम | |
| 4. | पति का नाम (यदि लागू है) | |
| 5. | जन्म तिथि (सबूत प्रमाणपत्र के साथ) | |
| | विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को आयु | वर्ष ...माह ..... दिन ...... |
| 6. | जन्म का स्थान (स्थान/जिला/राज्य) | |
| 7. | पूर्ण डाक पता, साथ में पिन कोड नंबर<br>(साथ में फोन नं.) और नजदीकी रेलवे स्टेशन | |
| 8. | धर्म | |
| 9. | जाति (क्या सामान्य/अपिव/अजजा/अजा हैं, प्रमाणपत्र संलग्न करें) | |
| 10. | शैक्षणिक अर्हता (साथ में सबूत के तौर पर प्रमाणपत्र) | |
| 11. | क्या भूतपूर्व सैनिक हैं, यदि हां तो डिस्चार्ज प्रमाणपत्र संलग्न करें (हां/नहीं लिखें) | |
| 12. | अनुभव (वर्षों में) (सबूत के तौर पर प्रमाणपत्र के साथ) | |
| 13. | रोज़गार कार्यालय में पंजीकरण का विवरण (यदि कोई है),<br>रोज़गार कार्यालय का नाम, पंजीकरण संख्या, के लिए वैध (तिथि) | |
| 14. | शरीर पर पहचान के दो व्यक्तिगत निशान | 1. 2. |
| 15. | लिंग (पुरुष/महिला) | |
| 16. | वैवाहिक स्थिति (विवाहित/अकेले) | |
| 17. | राष्ट्रीयता | |
| 18. | विशेष कौशल (यदि कोई है) | |
| 19. | शारीरिक निःशक्तता लिखें हां/नहीं (यदि हां, प्रमाणपत्र संलग्न करें)<br>(केवल श्रव्य विकलांग श्रेणी) | |
| 20. | यदि पहले से सेवारत हैं, विवरण दें:<br>(क) संगठन का नाम, जहां सेवारत हैं<br>(ख) ......से नियुक्त (तिथि)<br>(ग) पदनाम<br>(घ) नियोक्ता का पता<br>(ङ) सेवानिवृत्ति की तिथि | |

**घोषणा**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि इस आवेदन-पत्र में दिया गया सभी विवरण मेरी अच्छी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही है. **परीक्षाओं** से पहले **अथवा बाद** में अथवा सेवा के दौरान कोई भी सूचना झूठी/गलत पाए जाने या अपात्रता का पता चलने पर **मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति** स्वतः निरस्त कर दी जाएगी.

**स्थान** **(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**

**तिथि** **पूरा नाम.......................**

**संलग्न:** 1. दो स्वयं सत्यापित फोटोग्राफ **(अंगूठे का निशान)**

2. प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रतियां (................**शीटें**)

**पुरुष उम्मीदवार के बाएं हाथ के अंगूठे का निशान**

**(महिला उम्मीदवार के मामले में दाएं हाथ के अंगूठे का निशान)**

**815 कम्बैट इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कैम्प**

.......................पद के लिए **भर्ती हेतु प्रवेश पत्र**

**(आवेदन-पत्र के साथ प्रवेश-पत्र की दो प्रतियां प्रस्तुत की जानी हैं)**

| | **उम्मीदवार द्वारा भरा जाना है** | **विभाग द्वारा भरा जाना है** |
|---|---|---|
| राजपत्रित अधिकारी<br>से विधिवत सत्यापित<br>पासपोर्ट आकार का<br>फोटोग्राफ चिपकाएं और<br>अधिकारी के हस्ताक्षर और<br>मोहर चेहरे पर नहीं होने चाहिए.<br>**फोटो को स्टैपल न करें** | उम्मीदवार का नामः<br>पिता/पति का नामः<br>जन्म तिथि<br>लिंग (पुरुष/महिला)<br>पताः<br>आवास सं./गांवः<br>डाक/गली<br>स्थान/तालुका/नगर/कस्बा/जिला<br>राज्य<br>पिनकोड<br>**(जो लागू न हो उसे हटा दें)**<br>**प्रश्नपत्र की भाषा का विकल्प**<br>**(अंग्रेजी/हिंदी)** | सूचकांक नं.<br>परीक्षा की तिथि<br>परीक्षा का केंद्र<br>समय<br>कार्यालय<br>राउंड<br>स्टैम्प |
| **(उम्मीदवार के अंगूठे का निशान)**<br>***पुरुष के लिए बाएं हाथ के अंगूठे का निशान**<br>**महिला के लिए दाएं हाथ के अंगूठे का निशान** | **(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)** | **पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर** |

**उम्मीदवार के लिए निर्देश**

1. अपने नाम, पाठ्यक्रम, जन्म तिथि, लिंग, **परीक्षा केंद्र** नाम **और श्रेणी के लिए** प्रवेश पत्र की ध्यानपूर्वक जांच कर लें. प्रश्नपत्र केवल अंग्रेजी में उपलब्ध **कराया जाएगा.**
2. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा **से कम से** कम **2 घण्टे पहले पहुंचें** ताकि पंजीकरण औपचारिकताएं समय रहते पूरी हो सकें. पंजीकरण **डेस्क परीक्षा** से 60 **मिनट पहले बंद** कर दिया जाएगा. किसी भी स्थिति में किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा के **बाद परीक्षा केंद्र** में **प्रवेश की अनुमति नहीं** दी जाएगी.
3. प्रवेश पत्र के बगैर किसी भी उम्मीदवार को केंद्र अधीक्षक **द्वारा परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी** जाएगी.
4. परीक्षा संपन्न होने से पहले उम्मीदवारों को परीक्षा हॉल छोड़ने की **अनुमति नहीं** होगी.
5. उम्मीदवारों को परीक्षा हॉल में रफ पेपर ले जाने की अनुमति नहीं होगी. **परीक्षा हॉल** में रफ **कार्य** के लिए खाली पेपर उपलब्ध कराया जाएगा. परीक्षा के अंत में संबंधित इनविजिलेटर **को रफ शीट सौंपे** बगैर उम्मीदवार को परीक्षा केंद्र छोड़ने की अनुमति नहीं होगी.
6. परीक्षा केंद्र में कैलकुलेटर, लॉग टेबल, कैलकुलेटिंग डिवाइसिस, कम्युनिकेशन डिवाइस जैसे कि सेल्यूलर फोन/पेजर/डाक्यू. पैन आदि और पाठ्य सामग्री की अनुमति नहीं होगी. इसका उल्लंघन करने पर उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी.
7. उम्मीदवार को इनविजिलेटर के अनुदेशों का कड़ाई से पालन करना चाहिए.
8. उम्मीदवारों को शर्तें पूरी करने के विषयाधीन प्रवेश पत्र अनंतिम रूप से जारी किया जाता है.
9. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि परीक्षा केंद्र में कोई एक पहचान का सबूत (कॉलेज आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, राशन कार्ड) लेकर आएं.
10. किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा केंद्र के भीतर कोई सामान ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी.
11. परीक्षा कक्ष में धूम्रपान और खानपान निषेध है.
12. परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता, प्राथमिक आपात सहायता अथवा कोई अन्य सहायता के लिए केंद्र अधीक्षक/इनविजिलेटर से संपर्क करें.
13. किसी भी पूछताछ के लिए टेली. नं. 01509-285048 पर संपर्क करें.

# भारत डाइनामिक्स लिमिटेड

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय) गच्ची बावली, हैदराबाद**

**ऑनलाइन आवेदन करने से पहले पूरा विज्ञापन ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें.**

भारत डाइनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) सार्वजनिक क्षेत्र का श्रेणी-1 मिनी रत्न उद्यम है, जिसकी स्थापना रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत 1970 में की गई थी. टैंकरोधी निर्देशित मिसाइल विनिर्माण में संलग्न, बीडीएल आज एक अत्याधुनिक उद्यम के रूप में एक कोंगलोमरेट का रूप ले चुका है, जहां एक साथ नई पीढ़ी के एटीजीएम विनिर्माण, स्ट्रैटेजिक वैपन्स, लॉन्चर्स, अंडर वाटर वैपन्स, डीकोज़ और टेस्ट इक्विपमेंट्स का निर्माण किया जा रहा है. बीडीएल देश की रक्षा प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण मिसाइल प्रणालियों और अन्य अत्याधुनिक उपकरणों के विनिर्माण में संलग्न है. संगठन के ग्राहकों में भारत के सशस्त्र बलों के तीनों अंग शामिल हैं.

बीडीएल ऐसे गतिशील व्यक्तियों के लिए चुनौतीपूर्ण और लाभकारी रोज़गार के अवसर प्रदान करती है, जो सामरिक रक्षा उपकरणों के क्षेत्र में राष्ट्र निर्माण में योगदान करने के इच्छुक हैं. चुने हुए उम्मीदवारों की नियुक्ति कंपनी की किसी भी यूनिट/कार्यालय में की जाएगी अर्थात् कोर्पोरेट कार्यालय, गच्ची बावली-हैदराबाद (टीएस), कंचनबाग यूनिट, हैदराबाद, (टीएस), भानुर यूनिट, संगारेड्डी जिला (टीएस), विशाखापट्टनम यूनिट (एपी), इब्राहिमपट्टनम, रंगारेड्डी जिला (टीएस), झांसी (उत्तर प्रदेश), अमरावती (महाराष्ट्र), मार्केटिंग और संपर्क कार्यालय (नई दिल्ली) अथवा कंपनी की जरूरत के अनुसार समूचे देश में कहीं भी लगाई जाने वाली परियोजनाओं के स्थल शामिल हैं.

इच्छुक और पात्र उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन करें. **ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा 16 जुलाई 2022 को 1400 बजे से शुरू होगी और 16 अगस्त 2022 को 2300 बजे समाप्त हो जाएगी.**

**(क) रिक्तियों का ब्यौरा**

| क्र. सं. | पदनाम | ग्रेड | रिक्तियां | आरक्षण | वेतनमान आईडीए पैटर्न (वेतन वृद्धि 3 प्रतिशत वार्षिक) | न्यूनतम मूल वेतन पर वार्षिक सीटीसी लगभग (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | महा प्रबंधक (एचआर) | VIII | 01 | अना | रु. 1,00,000-2,60,000/- | 28.58 लाख |
| 02. | उप-महा प्रबंधक (सिविल) | VI | 01 | अना | रु. 80,000-2,20,000/- | 22.93 लाख |
| 03. | वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | V | 02 | अजा-01 अपिव-01 ईडब्ल्यू-एस-01 अना-02 | रु. 70,000-2,00,000/- | 20.10 लाख |
| 04. | वरिष्ठ प्रबंधक (विस्फोटक) | V | 03 | | | |
| 05. | प्रबंधक (विस्फोटक) | IV | 01 | अना | रु. 60,000-1,80,000/- | 17.27 लाख |
| 06. | उप प्रबंधक (सिविल) | III | 01 | अजा-01 अपिव-01 ईडब्ल्यू-एस-01 अना-02 | रु. 50,000-1,60,000/- | 14.44 लाख |
| 07. | उप प्रबंधक (विस्फोटक) | III | 04 | | | |
| 08. | सहायक प्रबंधक (सिविल) | II | 01 | अपिव-01 अना-03 | रु. 40,000-1,40,000/- | 11.61 लाख |
| 09. | सहायक प्रबंधक (विस्फोटक) | II | 03 | | | |
| 10. | कनिष्ठ प्रबंधक (रूसी/अंग्रेजी अनुवाद) | I | 01 | अना | रु. 30,000-1,20,000/- | 8.78 लाख |
| 11. | कुल | | 18 | | | |

**संकेताक्षर प्रयुक्त:-** **अना-** अनारक्षित, **अजा-** अनसूचित जाति, **अजजा-** अनुसूचित जनजाति, **अपिव-** अन्य पिछड़े वर्ग (एनसीएल), **ईडब्ल्यूएस-** आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग.

**पीडब्ल्यूबीडी के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण :-** उप महाप्रबंधक (सिविल)/वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल)/उप प्रबंधक (सिविल)/सहायक प्रबंधक (सिविल) की 18 रिक्तियों में, 01 पद बेंचमार्क विकलांगता से पीड़ित व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी)-एमडी अर्थात् ऑटिज्म, **बौद्धिक** विकलांगता, सीखने संबंधी अक्षमता और बधिर-दृष्टिबाधित (ओएम सं. 36035/02/2017-स्था. (आरक्षण), दिनांक 15.01.2018 के अनुसार) सहित खंड (क) से (घ) तक वर्णित एक से अधिक अक्षमता से संबंधित व्यक्तियों के लिए आरक्षित है (पैरा छ देखें).

**(ख) आयु सीमा और आयु में छूट :-** आयु की गणना 10.06.2022 को आधार मान कर की जाएगी :-

| पद का नाम | पद से संबंधित ग्रेड | ऊपरी आयु सीमा (वर्षों में) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अना/ईडब्ल्यूएस | अपिव (एनसीएल) | अजा | अजजा |
| महा प्रबंधक (एचआर) | VIII | 54 | 55 | 55 | 55 |
| उप-महा प्रबंधक (सिविल) | VI | 50 | 53 | 55 | 55 |
| वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल/विस्फोटक) | V | 45 | 48 | 50 | 50 |
| प्रबंधक (विस्फोटक) | IV | 40 | 43 | 45 | 45 |
| उप प्रबंधक (सिविल/विस्फोटक) | III | 35 | 38 | 40 | 40 |
| सहायक प्रबंधक (सिविल/विस्फोटक) | II | 28 | 31 | 33 | 33 |
| कनिष्ठ प्रबंधक (रूसी/अंग्रेजी अनुवाद) | I | 28 | 31 | 33 | 33 |

**i) पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए:-** उप महा प्रबंधक (सिविल)/वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल)/उप प्रबंधक (सिविल)/सहायक प्रबंधक (सिविल) के पद के लिए जहां कहीं लागू हो, बेंचमार्क विकलांगता (पीडब्ल्यूबीडी) से पीड़ित व्यक्तियों के संदर्भ में सभी विज्ञापित पदों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट दी जाएगी, जो अजा/अजजा/अपिव (नॉन क्रीमी लेयर) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए स्वीकार्य आरक्षण के अतिरिक्त होगी.

**ii)** भूतपूर्व सैनिकों को प्रचलित सरकारी नियमों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी. इसके अंतर्गत कमीशंड ऑफिसर/ईसीओज़/एसएससीओज़, जिन्होंने कम से कम 5 वर्ष की सैन्य सेवा पूरी की हो और जो असाइनमेंट पूर्ण होने (उन व्यक्तियों सहित, जिनके असाइनमेंट 6 महीने के भीतर पूरे होने जा रहे हों) पर डिस्चार्ज किए गए हों, और जो कदाचार या अक्षमता के कारण या सैन्य सेवा जन्य भौतिक अक्षमता के कारण या किसी इनवैलिडमेंट के कारण बर्खास्त या डिस्चार्ज न किए गए हों, को छूट का पात्र समझा जाएगा.

**iii)** 01.01.1980 से 31.12.1989 की अवधि के दौरान जम्मू कश्मीर राज्य के सामान्य अधिवासित व्यक्तियों को अधिवास प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के आधार पर ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी.

**iv)** विभागीय उम्मीदवारों को आयु सीमा में अधिकतम 55 वर्ष तक छूट होगी.

**v)** आवेदक की आयु सभी संभव आरक्षण मिला कर 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

**(ग) योग्यता* योग्यता परवर्ती कार्यकारी अनुभव (10.06.2022 को):**

**(i)** विभिन्न पदों के लिए अनिवार्य योग्यता नीचे दी गई है:-

| क्र. सं. | पद का नाम | ग्रेड | अनिवार्य योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | महा प्रबंधक (एचआर) | VIII | एमबीए या समकक्ष/एचआर में स्नातकोत्तर डिप्लोमा/पी एम एंड आईआर/कार्मिक प्रबंधन/सोशल साइंस/समाज कल्याण/सामाजिक कार्य में किसी विश्वविद्यालय/सरकार से मान्यताप्राप्त संस्थान से 2 वर्षीय डिप्लोमा प्राप्त किया हो.<br>● **वांछनीय:** विधि में स्नातक |
| 2. | उप-महा प्रबंधक (सिविल) | VI | मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी में प्रथम श्रेणी उपाधि (अथवा 5 वर्षीय समेकित पाठ्यक्रम) या समकक्ष पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया हो. |
| 3. | वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | V | |
| 4. | उप प्रबंधक (विस्फोटक) | III | |
| 5. | सहायक प्रबंधक (सिविल) | II | |
| 6. | वरिष्ठ प्रबंधक (विस्फोटक) | V | मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से रसायन/मैकेनिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्टिकल इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी में प्रथम श्रेणी उपाधि (अथवा 5 वर्षीय समेकित पाठ्यक्रम) या समकक्ष पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया हो. |
| 7. | प्रबंधक (विस्फोटक) | IV | |
| 8. | उप प्रबंधक (विस्फोटक) | III | |
| 9 | सहायक प्रबंधक (विस्फोटक) | II | |
| 10 | कनिष्ठ प्रबंधक (रूसी/अंग्रेजी अनुवाद) | I | इंजीनियरी की किसी शाखा में प्रथम श्रेणी में डिग्री/एमएस योग्यता अथवा रूस में समकक्ष अध्ययन किया हो.<br>**(अथवा)**<br>इंजीनियरी की किसी शाखा में प्रथम श्रेणी में डिग्री/एमएस योग्यता अथवा मान्यताप्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से रूसी भाषा में डिप्लोमा या समकक्ष योग्यता प्राप्त की हो. |

**(ii)** इन पदों के लिए अनिवार्य योग्यता-परवर्ती कार्यकारी अनुभव नीचे दिया गया है:

| क्र. सं. | पद का नाम | ग्रेड | सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठान को वरीयता सहित मध्यम/भारी उद्योग में सम्बद्ध क्षेत्र में कार्यकारी अनुभव के न्यूनतम वर्षों की संख्या, जिसमें तत्काल निचले वेतनमान या समकक्ष पद पर न्यूनतम 1 (एक) वर्ष की सेवा पूरी की हो | अनुभव का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|
| 1. | महा प्रबंधक (एचआर) | VIII | 18 | उम्मीदवार को किसी संगठन के मानव संसाधन प्रचालनों के प्रमुख के रूप में काम करने का अनुभव होना चाहिए. उसे मानव संसाधन प्रबंधन, कर्मचारी संबंध, श्रम कानूनों की जानकारी, कार्पोरेट सामाजिक दायित्व, एचआर एमआईएस/ईआरपी, आदि का अनुभव रहा हो. |
| 2. | उप-महा प्रबंधक (सिविल) | VI | 14 | उम्मीदवार को निम्नांकित में से किसी एक या अधिक का अनुभव अवश्य होना चाहिए: औद्योगिक भवनों, वाणिज्यिक भवनों का निर्माण अर्थात् अस्पताल भवन, कॉलेज भवन, बहु मंजिला होटलों, सड़कों, फायर हाइड्रेंट लाइनें आदि, भारी उद्योगों में जलापूर्ति सहित आवासीय भवनों और सिविल रख-रखाव कार्य. |
| 3. | वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | V | 09 | |
| 4. | उप प्रबंधक (सिविल) | III | 05 | |
| 5. | सहायक प्रबंधक (सिविल) | II | 02 | |
| 6. | वरिष्ठ प्रबंधक (विस्फोटक) | V | 09 | उम्मीदवार ने निम्नांकित में से किसी एक या अधिक क्षेत्रों में अनुभव अवश्य प्राप्त किया हो:<br>i) वॉर हेड्स, एसएएम्स, फ्यूज़ेज़ और प्रापेलेंट्स में विनिर्माण का अनुभव रहा हो तथा विस्फोटक निरीक्षण/परीक्षण / भंडारण/विध्वंस प्रचालन के क्षेत्रों की जानकारी हो.<br>ii) विस्फोटक वस्तुओं के उत्पादन में अनुभव के साथ सुरक्षा मानदंड की जानकारी हो.<br>iii) इन-हाउस और आउटसोर्स विस्फोटक वस्तुओं के निरीक्षण और परीक्षण के दौरान डीजीक्यूए/ एमएस-क्यूएए/आरसीएमए एजेंसियों के साथ समन्वय करना.<br>iv) जारी परियोजना के लिए उपकरणों, टूल्स, फिक्सचर्स और गेजिज़ की स्थापना और उनके स्थिरीकरण की जानकारी हो तथा अनुसंधान और विकास ट्रेल्स के लिए किसी विस्फोटक क्षेत्र में सुरक्षा के साथ उत्पाद के आउटपुट के लिए प्रक्रियाओं को सुचारू बनाना और परियोजनाओं से संबंधित विस्फोटक प्रणालियों का विकास.<br>v) स्वीकरण मानदंड के हिस्से के रूप में स्टेटिक फायरिंग्स के दौरान समन्वय |
| 7. | प्रबंधक (विस्फोटक) | IV | 07 | |
| 8. | उप प्रबंधक (विस्फोटक) | III | 05 | |
| 9. | सहायक प्रबंधक (विस्फोटक) | II | 02 | |

(क्रमशः)

| क्र. सं. | पद का नाम | ग्रेड | सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठान को वरीयता सहित मध्यम/भारी उद्योग में सम्बद्ध क्षेत्र में कार्यकारी अनुभव के न्यूनतम वर्षों की संख्या, जिसमें तत्काल निचले वेतनमान या समकक्ष पद पर न्यूनतम 1 (एक) वर्ष की सेवा पूरी की हो | अनुभव का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|
| | | | | करने में सक्षम होना चाहिए, जिसके लिए विकास और परीक्षण दोनों एजेंसियों के साथ समन्वय करने और फिर परीक्षण उपकरणों और डेटा संग्रह प्रणालियों की व्यवस्था करने में सक्षम हो.<br>vi) प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के प्रारंभिक चरणों और विस्फोटक एसेम्बली शामिल किए जाने के दौरान परीक्षण रिपोर्टों में दी गई दलीलों की क्षमता की जांच करने और दस्तावेज के निरीक्षण, और विभिन्न चरणों के निरीक्षण में सक्षम हो.<br>vii) हार्डवेयर और सब-एसेम्लीज़ के उत्पादन के लिए डिज़ाइन दस्तावेज और ओईएम अपेक्षाओं के अनुसार चरणवार निरीक्षण संचालन में सक्षम हो.<br>viii) रासायनिक विश्लेषण की जानकारी को वरीयता दी जाएगी. |
| 10. | कनिष्ठ प्रबंधक (रूसी/अंग्रेजी अनुवाद) | I | शून्य | शून्य |

iii) ''प्रथम श्रेणी'' का अर्थ है अना/अपिव (एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए 60 प्रतिशत प्राप्तांक और अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए केवल उनकी श्रेणी से सम्बद्ध आरक्षित पदों के मामले में 55 प्रतिशत अंक.

iv) अनिवार्य योग्यता राज्य/केंद्र सरकार/यूजीसी/एआईसीटीई से मान्यताप्राप्त होनी चाहिए (भारत में केंद्रीय या राज्य विधानमंडल के अधिनियम के तहत स्थापित विश्वविद्यालय अथवा संसद के अधिनियम के तहत स्थापित शैक्षिक संस्थान अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अंतर्गत समकक्ष घोषित विश्वविद्यालय).

v) परिणाम की घोषणा की तारीख/प्रमाणपत्र में उल्लिखित जारी होने की तारीख को योग्यता प्राप्त करने की तारीख समझा जाएगा और इस मामले में कोई रियायत नहीं दी जाएगी.

vi) इस विज्ञापन के अंतर्गत किसी भी पद के लिए सीधे आवेदन करने वाले कंपनी के मौजूदा कर्मचारियों के पास मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से अपेक्षित तकनीकी और व्यावसायिक योग्यताएं निर्धारित प्राप्तांक प्रतिशत के साथ अवश्य उत्तीर्ण होनी चाहिए.

vii) अपेक्षित अनिवार्य योग्यता के बाद प्राप्त अनुभव के कुल वर्षों में से, किसी सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठान में कार्यरत उम्मीदवार को न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव आवेदित पद के तत्काल निचले पद पर काम करने का होना चाहिए. इसी तरह प्राइवेट संगठन से आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव आवेदित पद से तत्काल निचले वार्षिक सीटीसी वाले पद पर काम करने का होना चाहिए. तत्संबंधी ब्यौरा नीचे दिया गया है.

| पदनाम | ग्रेड | वेतनमान आईडीए पैटर्न (वेतन वृद्धि 3 प्रतिशत वार्षिक) | न्यूनतम मूल वेतन पर वार्षिक सीटीसी लगभग (रु.) |
|---|---|---|---|
| महा प्रबंधक (एचआर) | VIII | रु. 90,000- 2,40,000/- या समकक्ष | 25.75 लाख प्रति वर्ष |
| उप-महा प्रबंधक (सिविल) | VI | रु. 70,000- 2,00,000/- या समकक्ष | 20.10 लाख प्रति वर्ष |
| वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | V | रु. 60,000- 1,80,000/- या समकक्ष | 17.27 लाख प्रति वर्ष |
| वरिष्ठ प्रबंधक (विस्फोटक) | V | | |
| प्रबंधक (विस्फोटक) | IV | रु. 50,000- 1,60,000/- या समकक्ष | 14.44 लाख प्रति वर्ष |
| उप प्रबंधक (सिविल) | III | रु. 40,000- 1,40,000/- या समकक्ष | 11.61 लाख प्रति वर्ष |
| उप प्रबंधक (विस्फोटक) | III | | |
| सहायक प्रबंधक (सिविल) | II | रु. 30,000- 1,20,000/- या समकक्ष | 8.78 लाख प्रति वर्ष |
| सहायक प्रबंधक (विस्फोटक) | II | | |

viii) अनुभव (अनिवार्य योग्यता के बाद कार्यकारी अनुभव की गणना के लिए **किसी अनुबंध/प्रशिक्षण (प्रबंधन प्रशिक्षार्थी/स्नातक इंजीनियरी प्रशिक्षण आदि)**/औद्योगिक/व्यावसायिक/प्रशिक्षुता/परामर्श में अनुभव को शामिल नहीं किया जाएगा.

ix) डिप्लोमा पूरा करने के बाद इंजीनियरी डिग्री उत्तीर्ण करने वाले आवेदकों को आवेदन प्रपत्र में डिप्लोमा संबंधी ब्यौरा अवश्य दर्ज करना चाहिए.

**(घ) चयन प्रक्रियाः**

i) कनिष्ठ प्रबंधक (रूसी/अंग्रेजी अनुवाद) के पद के लिए चयन **लिखित परीक्षा के आधार पर** किया जाएगा.

ii) महा प्रबंधक (एचआर)/उप महा प्रबंधक (सिविल)/वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल)/वरिष्ठ प्रबंधक (विस्फोटक)/प्रबंधक (विस्फोटक)/उप-प्रबंधक (सिविल)/उप-प्रबंधक (विस्फोटक)/सहायक प्रबंधक (सिविल)/सहायक प्रबंधक (विस्फोटक) के पदों के लिए चयन **साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा.**

iii) इंटरव्यू के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संक्षिप्त सूची अपेक्षित/सम्बद्ध क्षेत्र/विषय में अनुभव के वर्षों की संख्या और अपेक्षित योग्यता में प्राप्तांक और आयु को आधार मान कर तैयार की जाएगी. कॉल लैटर में वर्णित तारीख, समय और स्थान के अनुसार उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा. कॉल लैटर ईमेल/स्पीड पोस्ट से उम्मीदवारों के ईमेल आईडी/पत्र व्यवहार के पते पर भेजे जाएंगे.

iv) साक्षात्कार के लिए 1:10 के अनुपात से उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा. चयन का आधार सम्बद्ध क्षेत्र/विषय में अनुभव के वर्षों की संख्या और अपेक्षित योग्यता में प्राप्तांक और आयु को बनाया जाएगा. साक्षात्कार के लिए संक्षिप्त सूची में शामिल किए गए उम्मीदवारों की सूची कंपनी की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी.

**(ङ) प्रबंधन प्रशिक्षार्थियों (मैनेजमेंट ट्रेनीज़) के पद के लिए**

**i) चयन लिखित परीक्षा (कम्प्यूटर आधारित ऑनलाइन टैस्ट) और साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा.**

ii) निर्धारित पात्रता मानदंड पूरे करने वाले उम्मीदवारों को कम्प्यूटर आधारित ऑनलाइन टैस्ट (सीबीटी) के लिए बुलाया जाएगा. उम्मीदवारों को प्रवेश पत्रक में दी गई तारीख, समय और स्थान के अनुसार सीबीटी के लिए उपस्थित होना होगा. उम्मीदवारों को प्रवेश पत्रक वेबसाइट से डाउनलोड करना होगा. उम्मीदवार के पास आवेदन की तारीख से अगले एक वर्ष तक एक सक्रिय वैध ईमेल आईडी होनी चाहिए.

iii) सीबीटी की अवधि 2 घंटे की होगी और इसके दो भाग होंगे. इसमें बहुविकल्प प्रकार के 150 प्रश्न शामिल होंगे. भाग-1 में 100 बहुविकल्प प्रकार के प्रश्न सम्बद्ध विषय/क्षेत्र से संबंधित होंगे. भाग-2 में 50 प्रश्न शामिल होंगे, जो सामान्य अभिरुचि से संबंधित होंगे.

iv) चयन प्रक्रिया में सीबीटी और इंटरव्यू के अंकों की वरीयता क्रमशः 85 प्रतिशत और 15 प्रतिशत होगी. इंटरव्यू के लिए संक्षिप्त सूची में शामिल किए जाने के लिए सीबीटी में न्यूनतम अर्हता अंक अनारक्षित और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के मामले में 60 प्रतिशत और अजा/अजजा/अपिव (नॉन क्रीमी लेयर)/विकलांगजन के लिए 50 प्रतिशत होंगे. लेकिन यह शर्त केवल अजा/अजजा/अपिव (नॉन क्रीमी लेयर)/विकलांगजन उम्मीदवारों के संदर्भ में लागू होगी.

**(ङ) वेतन और भत्ते :**

- मूल वेतन के अतिरिक्त महंगाई भत्ता और मकान किराया भत्ता स्वीकार्य होगा. भानूर यूनिट में कंपनी का आवास निर्धारित दरों पर प्रदान किया जाएगा और वहां मकान किराया भत्ता लागू नहीं होगा.
- कंपनी की नीति के अनुसार मूल वेतन का 33 प्रतिशत परिलब्धियों और कार्य निष्पादन संबंधी वेतन के रूप में अदा किया जाएगा. अन्य सुविधाएं जैसे पीएफ, ग्रेच्युटी, चिकित्सा सुविधाएं आदि लाभ कंपनी के नियमों के अनुसार दिए जाएंगे.
- अंशदायी भविष्यनिधि और ग्रेच्युटी के अलावा, उम्मीदवार कंपनी की निर्धारित अंशदायी योजना के तहत पेंशन और सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभ के भी हकदार होंगे.
- उपरोक्त सभी लाभ समय-समय पर लागू और संशोधित कंपनी की नीतियों के अनुसार दिए जाएंगे.

**(च) चिकित्सा मानदंड :-**

चुने हुए उम्मीदवारों की नियुक्ति कंपनी के निर्धारित स्वास्थ्य मानदंडों के अनुसार **चिकित्सा की दृष्टि से उपयुक्त** पाए जाने के अधीन होगी और उन्हें विधिवत रूप से चयन के बाद नियुक्ति से पहले चिकित्सा जांच करानी होगी.

**(छ) बेंचमार्क विकलांगताओं से पीड़ित (विकलांगजन) उम्मीदवारों के लिए :-**

बेंचमार्क विकलांगजनों के लिए आरक्षित पदों के मामले में विकलांगता 40 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए. इस श्रेणी में आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति को बेंचमार्क विकलांग व्यक्ति अधिकार नियम, 2017 (दिनांक 15.06.2017) के अध्याय-7 के अंतर्गत नियम 18-1 से संबंधित फार्म-5, 6 और 7 के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा. विकलांग व्यक्ति अधिनियम 1995 के अंतर्गत जारी मौजूदा विकलांगता प्रमाणपत्र निर्दिष्ट अवधि तक वैध रहेगा.

अधिसूचना संख्या 38-16/2020-डीडी-III दिनांक 04 जनवरी, 2021 के अंतर्गत अनुलग्नक-ग में वर्णित बेंचमार्क विकलांगताओं की व्यावहारिक अपेक्षाओं और उपयुक्त श्रेणी तथा विकलांगजन (दिव्यांगजन) सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय ज्ञापन (एफ. संख्या 34-02/2015-डीडी-III), दिनांक 29 अगस्त, 2018 में बेंचमार्क विकलांग व्यक्तियों के लिए लिखित परीक्षा के संचालन संबंधी दिशा-निर्देश, यथासंशोधित, का अनुपालन किया जाएगा.

**(ज) आवेदन शुल्क :**

आवेदन शुल्क के रूप में रु. 500/- (रुपये पांच सौ केवल) का भुगतान ऑनलाइन करना होगा. यह भुगतान एसबीआई ई-पे (डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग/यूपीआई आदि) के जरिए किया जा सकेगा. अजा/अजजा/दिव्यांगजन उम्मीदवारों और भूतपूर्व सैनिकों/विभागीय कर्मचारियों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है.

**नोट :-** आवेदन शुल्क अप्रतिदेय होगा; इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भुगतान करने से पहले अपनी पात्रता की भली-भांति जांच कर लें. आवेदन शुल्क का भुगतान कम मात्रा में करने अथवा निर्धारित से भिन्न किसी अन्य माध्यम से शुल्क भुगतान करने की स्थिति में आवेदन रद्द कर दिया जाएगा. अपात्र उम्मीदवारों द्वारा किए गए शुल्क के भुगतान को जब्त कर लिया जाएगा और इस बारे में किसी पत्राचार पर ध्यान नहीं दिया जाएगा.

**(झ) सामान्य शर्तें :-**

1. केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं.
2. आयु, योग्यताएं और निर्धारित अनुभव **10.06.2022 को उम्मीदवार के पास होना चाहिए.**
3. सरकारी, अर्द्ध सरकारी संगठनों और सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में नियोजित आवेदकों को अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजना चाहिए. परंतु, यदि उचित माध्यम से आवेदन न भेजा गया हो तो इंटरव्यू के समय अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.
4. चुने हुए उम्मीदवारों की नियुक्ति शैक्षिक/तकनीकी योग्यताओं, मेम्बरशिप, अनुभव, वेतन संबंधी ब्यौरे (सीपीसी/अंतिम वेतन प्रमाणपत्र), जाति और चरित्र एवं पूर्व वृत्तांत, जो भी लागू हो, की जांच कंपनी के नियमों के अनुसार सम्बद्ध प्राधिकारियों से किए जाने के अधीन होगी.
5. अजा/अजजा/अपिव (नॉन क्रीमी लेयर) को जाति प्रमाणपत्र केवल भारत सरकार के तहत पदों पर नियुक्तियों में आरक्षण संबंधी निर्धारित प्रारूप में निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए, जिसमें उम्मीदवार की जाति, अधिनियम/आदेश जिसके तहत जाति को अजा/अजजा/अपिव के रूप में मान्यता दी गई हो, और साथ ही उसके गांव/कस्बा, जिसका आवेदक सामान्य निवासी हो, का स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए.
6. ईडब्ल्यूएस के अंतर्गत आरक्षण प्राप्त करने के इच्छुक उम्मीदवारों को सम्बद्ध प्रमाणपत्र भारत सरकार के अंतर्गत नियुक्तियों के लिए निर्धारित प्रारूप में निर्दिष्ट अधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए.
7. उम्मीदवार कृपया ध्यान रखें कि अजा/अजजा/अपिव के मामले में बीडीएल केवल केंद्र सरकार की सूची का अनुपालन करती है, राज्य सरकारों की सूची का नहीं. इसी प्रकार बेंचमार्क विकलांगता श्रेणी के अंतर्गत आवेदन करने वाले विकलांग व्यक्तियों को यह ध्यान रखना चाहिए कि इस बारे में किसी भी रियायत के लिए भारत सरकार के नियम लागू होंगे.
8. अजा/अजजा/अपिव (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांगजन उम्मीदवारों के संदर्भ में लागू रियायतें/आरक्षण/छूट प्राप्त करने के लिए उम्मीदवारों को वैध जाति/समुदाय/विकलांगता प्रमाणपत्र की स्व-साक्ष्यांकित प्रति अपने दावे के समर्थन में प्रस्तुत करनी होगी. निर्धारित प्रारूप में वैध प्रमाणपत्र से रहित आवेदन रद्द कर दिया जाएगा.

(क्रमशः)

9. अपिव श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक उम्मीदवारों को अपिव-नॉन क्रीमी लेयर (एनसीएल) प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, जो भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप (जो बीडीएल वेबसाइट **http://bdl-india.in** से डाउनलोड किया जा सकता है) में जारी किया गया हो. अपिव (एनसीएल) प्रमाणपत्र 17.02.2022 को या उसके बाद जारी किया गया हो.
10. अपिव श्रेणी के ऐसे उम्मीदवार, जो ''नॉन-क्रीमी लेयर'' से संबंधित नहीं हैं, को अपिव आरक्षण का हकदार नहीं समझा जाएगा और ऐसे उम्मीदवारों को अपनी श्रेणी ''अना'' लिखनी चाहिए और उन्हें अनारक्षित श्रेणी में समझा जाएगा.
11. यदि अजा/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस/विकलांगता प्रमाणपत्र अंग्रेजी/हिंदी से इतर भाषा में जारी किया गया हो, तो ऐसे उम्मीदवारों को प्रमाणपत्र की हिंदी अथवा अंग्रेजी में अनूदित प्रति प्रस्तुत करनी होगी, जो स्वयं उम्मीदवार द्वारा स्व-प्रमाणित की गई हो.
12. उम्मीदवारों को केवल ऑनलाइन आवेदन करना होगा. कोई मैनुअल/पेपर आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा, जब तक कि वह पंजीकृत और ऑनलाइन आवेदन न किया गया हो.
13. ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में दिए गए सभी ब्यौरे अंतिम समझे जाएंगे और उनमें किसी प्रकार के परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी. इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन प्रपत्र में सभी ब्यौरे ध्यान-पूर्वक भरें.
14. आवेदन जमा कराने मात्र और निर्दिष्ट योग्यताएं तथा अन्य शर्तें पूरी करने मात्र से किसी उम्मीदवार को लिखित परीक्षा/साक्षात्कार/नियुक्ति का हकदार नहीं समझा जाएगा.
15. उपरोक्त विज्ञापन के संदर्भ में उम्मीदवार केवल एक पद के लिए आवेदन कर सकते हैं.
16. अनिवार्य पात्रता मानदंड पूरे न करने वाले उम्मीदवारों को सिरे से अथवा भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में खारिज किया जा सकता है.
17. आवेदन शुल्क (जो भी लागू हो) से रहित पंजीकृत उम्मीदवारों की उम्मीदवारी भी रद्द की जा सकती है. अनिवार्य दस्तावेज से रहित आवेदन अथवा आवेदन प्राप्त न होने की स्थिति में भी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.
18. सभी पदों के लिए बेहतर अभिव्यक्ति कौशल अपेक्षित है.
19. किसी पद के लिए निर्दिष्ट अनिवार्य योग्यताओं में न्यूनतम प्रतिशत अंक विश्वविद्यालय/संस्थान के नियमों के अनुसार होने चाहिए.
20. क्वालिफाइंग डिग्री (अनिवार्य योग्यता) में जहां कहीं सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई/डीजीपीए अथवा लेटर ग्रेड प्रदान किया गया हो, तो उसके समकक्ष प्राप्तांक प्रतिशत का उल्लेख सम्बद्ध विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंड के अनुसार आवेदन प्रपत्र में किया जाना चाहिए और इस आशय का दस्तावेजी साक्ष्य/प्रमाणपत्र उम्मीदवार द्वारा विश्वविद्यालय/संस्थान से लेकर संलग्न किया जाना चाहिए.
21. यदि विश्वविद्यालय/संस्थान में सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई/डीजीपीए या लेटर ग्रेड में रूपांतरण का कोई प्रावधान न हो, तो ऐसे में समकक्ष का निर्धारण उम्मीदवार के सापेक्षिक ग्रेड को अधिकतम संभव समनुरूप स्केल से भाग करके और भागफल को 100 से गुणा करके निकाला जाएगा.
22. यदि ऊपर वर्णित न्यूनतम अनिवार्य योग्यता संबंधी अपेक्षित क्वालिफाइंग डिग्री में विशेषज्ञता क्षेत्र का उल्लेख न हो, तो उम्मीदवार को साक्षात्कार के समय अपने विश्वविद्यालय/संस्थान से तत्संबंधी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें विशेषज्ञता का स्पष्ट रूप से उल्लेख हो. ऐसे संस्थानों/विश्वविद्यालयों के मामले में जो सम्बद्ध विषय में विशेषज्ञता प्रमाणपत्र प्रदान न करते हों, वहां इसका निर्धारण करने के लिए उम्मीदवार द्वारा अपनाए गए वैकल्पिक विषयों की अधिकतम संख्या के आधार पर किया जाएगा और जिन विश्वविद्यालयों में वैकल्पिक विषय नहीं होंगे, वहां इसका निर्धारण उम्मीदवार द्वारा समूचे कैरिकुलम में लिए गए अधिकतम विषय के प्रश्नपत्रों को आधार बनाया जाएगा.
23. यदि आवेदन के किसी भी भाग में उम्मीदवार द्वारा भरी गई जानकारी गलत या अधूरी अथवा विज्ञापन में वर्णित पात्रता मानदंड के प्रतिकूल पाई जाती है, तो भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अथवा भर्ती/कार्यभार ग्रहण करने के बाद किसी भी समय आवेदक की उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त/समाप्त समझी जाएगी, और इस बारे में उम्मीदवार को कोई सूचना नहीं दी जाएगी.
24. विभागीय उम्मीदवारों के मामले में योग्यता को कंपनी नियमों के अनुसार समझा जाएगा.
25. प्रबंधन को यह अधिकार सुरक्षित है कि वह योग्यता, अनुभव आदि के संदर्भ में आवेदकों से कोई अतिरिक्त दस्तावेजी साक्ष्य की मांग कर सकता है.
26. यदि इस विज्ञापन के अंग्रेजी से इतर किसी भाषांतरण में कोई अस्पष्टता/विवादित स्थिति पाई जाती है तो अंग्रेजी संस्करण को अंतिम समझा जाएगा.
27. इस विज्ञापन से संबंधित किसी प्रकार के दावे या विवाद के संदर्भ में कोई भी कानूनी कार्रवाई की नौबत आती है, या उसके संबंध में कोई अर्जी दाखिल की जाती है, तो ऐसे मामलों की शुरुआत केवल हैदराबाद में स्थित समुचित अदालतों/न्यायाधिकरणों/फोरम में की जा सकेगी और किसी भी शिकायत/विवाद की सुनवाई का पूर्ण और एकमात्र अधिकार इन्हीं अदालतों को होगा.
28. इस मामले में किसी पत्राचार पर ध्यान नहीं दिया जाएगा.
29. किसी भी तरह की सिफारिश का प्रयास उम्मीदवार की अयोग्यता समझा जाएगा.
30. चयन प्रक्रिया और अन्य नियमों का अनुपालन कंपनी के भर्ती नियमों के अनुरूप होगा. ये नियम कंपनी की वेबसाइट **http://bdl-india.in/bdlmanuals.html** पर उपलब्ध है.
31. प्रबंधन को यह अधिकार सुरक्षित है कि वह जरूरत के अनुसार विज्ञापित रिक्तियों की संख्या में बढ़ोतरी/कमी कर सकता है अथवा किसी विशेष पद या समूचे विज्ञापन को बिना कोई सूचना दिए रद्द कर सकता है.
32. प्रबंधन को यह अधिकार भी सुरक्षित है कि वह सभी पदों को भरे अथवा न भरे और योग्यताएं तथा अन्य शर्तें पूरी करने मात्र से कोई उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं समझा जाएगा.
33. प्रबंधन को यह अधिकार भी सुरक्षित है कि वह पात्रता मानदंड आदि में कटौती अथवा बढ़ोतरी कर सकता है ताकि चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या प्रतिबंधित की जा सके.
34. प्रबंधन को यह अधिकार सुरक्षित है कि वह विज्ञापित पदों के संदर्भ में प्राप्त होने वाले आवेदनों की संख्या के अनुसार पात्रता मानदंड में बढ़ोतरी/कमी कर सकता है.
35. प्रबंधन को कोई भी पद भरने अथवा कोई भी पद न भरने का अधिकार सुरक्षित है. इस भर्ती प्रक्रिया के संबंध में कोई भी शुद्धिपत्र/संशोधन हमारी आधिकारिक वेबसाइट **http://bdl-india.in** पर प्रदर्शित किया जाएगा.

**(ञ) अनिवार्य दस्तावेज :-**

**निम्नांकित दस्तावेज अनिवार्य हैं, जिनके अभाव में उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है :-**

क) ऑनलाइन आवेदन जमा कराने के बाद सृजित पंजीकरण स्लिप का हस्ताक्षरित प्रिंटआउट.

ख) निम्नांकित दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की स्व-साक्ष्यांकित प्रतियां समुचित और निर्धारित प्रारूप में संलग्न की जानी चाहिए.

1. जन्मतिथि (जन्म प्रमाणपत्र अथवा एसएसएलसी सर्टिफिकेट जो भी लागू हो) के समर्थन में अपेक्षित दस्तावेज.
2. जाति/जनजाति प्रमाणपत्र (अजा/अजजा/अपिव (एनसीएल)), जो भी लागू हो, निर्धारित प्रारूप में भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए. अपिव (एनसीएल) प्रमाणपत्र अद्यतन होना चाहिए.
3. ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी होना चाहिए.
4. विकलांगता प्रमाणपत्र (केवल विकलांगजन उम्मीदवारों के लिए) सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी किया जाना चाहिए.
5. भूतपूर्व सैनिकों के मामले में डिस्चार्ज प्रमाणपत्र, यदि लागू हो.
6. अधिवास प्रमाणपत्र, जम्मू कश्मीर के निवासियों के संदर्भ में लागू.
7. 10वीं, 12वीं, डिप्लोमा या समकक्ष पाठ्यक्रम, क्वालिफाइंग डिग्री/अनिवार्य योग्यता और वांछनीय/अतिरिक्त डिग्रियों के संदर्भ में योग्यता प्रमाणपत्र और सिमेस्टरवार/वर्षवार अंक तालिकाएं.
8. उम्मीदवार द्वारा वर्णित अनुभव के ब्यौरे के संदर्भ में पूर्ण और समुचित अनुभव प्रमाणपत्र/दस्तावेज. अनुभव के संदर्भ में निम्नांकित दस्तावेज पर विचार किया जाएगा :-

**i) पिछले रोज़गार के लिए :**

- अनुभव प्रमाणपत्र, जिसमें पदनाम और कार्यभार ग्रहण करने की तारीख तथा संगठन से कार्यमुक्त होने की तारीख का स्पष्ट रूप से उल्लेख हो (अथवा)
- नियुक्ति/ऑफर लेटर, जिसमें पदनाम और कार्यभार ग्रहण करने की तारीख, कार्यभार ग्रहण करने की रिपोर्ट/नियुक्ति आदेश तथा त्यागपत्र की स्वीकृति/कार्यमुक्ति आदेश, जिसमें संगठन से कार्यमुक्त होने की तारीख दी गई हो.

**ii) वर्तमान/अद्यतन रोज़गार के लिए :**

- अनुभव प्रमाणपत्र, जिसमें पदनाम और कार्यभार ग्रहण करने की तारीख तथा संगठन से कार्यमुक्त होने की तारीख का स्पष्ट रूप से उल्लेख हो (अथवा)
- नियुक्ति/ऑफर लेटर, जिसमें कार्यभार ग्रहण करने की तारीख, कार्यभार ग्रहण करने की रिपोर्ट/नियुक्ति आदेश तथा पहचानपत्र के साथ अद्यतन पे-स्लिप और/या वार्षिक वेतनवृद्धि पत्र, पदोन्नति और/या स्थानांतरण आदेश आदि.

iii) यदि अनुभव प्रमाणपत्र/नियुक्ति पत्र में किसी प्रशिक्षण अवधि का उल्लेख किया गया हो, तो आमेलन या प्रशिक्षण पूरा होने का प्रमाणपत्र अवश्य प्रदान किया जाना चाहिए.

9. प्राइवेट संगठनों से सम्बद्ध उम्मीदवारों के मामले में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी कॉस्ट-टू-कंपनी (सीटीसी) (प्रतिवर्ष) प्रमाणपत्र.
10. यदि उम्मीदवार सरकारी/अर्द्ध सरकारी संगठन या सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठान में कार्यरत है, तो नियोक्ता से अग्रसारित पत्र/अनापत्ति प्रमाणपत्र.

क) यदि ऊपर वर्णित दस्तावेज/प्रमाणपत्र हिंदी/अंग्रेजी से इतर भाषा में जारी किए गए हों, तो उम्मीदवार को उनकी हिंदी/अंग्रेजी में अनुदित प्रति प्रस्तुत करनी होगी, जो स्व-साक्ष्यांकित होनी चाहिए.

ख) अनुलग्नक-1 में दिए गए प्रारूप में बायोडाटा.

ग) संगठन का अद्यतन/वर्तमान ढांचा, जिसमें श्रेणीबद्धता में उम्मीदवार की स्थिति दर्शायी गई हो.

**(ट) आवेदन कैसे करें :**

**ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 16 जुलाई 2022 (1400 बजे से) को प्रारंभ होगी और 16 अगस्त, 2022 (2300 बजे तक) को समाप्त होगी.**

- आवेदन **http://bdl-india.in** पर लॉगऑन करते हुए केवल ऑनलाइन करने होंगे. ऑनलाइन पंजीकरण के बिना आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे.
- ऑनलाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को पूरा विज्ञापन और अनुदेशों का ध्यानपूर्वक अनुशीलन करना चाहिए. सभी अनिवार्य दस्तावेज और फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर की स्कैंड प्रति तैयार रखनी चाहिए.
- ऑनलाइन आवेदन करने से सृजित हुई रजिस्ट्रेशन स्लिप भावी प्रिंटिंग/संदर्भ के लिए लोकल सिस्टम पर सेव की जानी चाहिए. रजिस्ट्रेशन नंबर नोट करें और पंजीकरण स्लिप का प्रिंट लें. एसबीआई मल्टी ऑप्शन पेमेंट मोड के जरिए आवेदन शुल्क अदा करने वाले उम्मीदवारों को उम्मीदवार की प्रति संभाल कर रखनी चाहिए.
- उम्मीदवारों (प्रबंधन प्रशिक्षार्थियों को छोड़ कर) को वेबसाइट से बायोडाटा प्रारूप (अनुलग्नक-1) डाउनलोड करना चाहिए और उसे भरना चाहिए.
- **कृपया सभी अनिवार्य दस्तावेज के साथ आवेदन पंजीकृत/स्पीड पोस्ट से निम्नांकित पते पर अग्रसारित करें:- ''एसएम, सी-एचआर (टीए एंड सीपी), भारत डाइनामिक्स लिमिटेड, कॉर्पोरेट ऑफिस, प्लॉट नं. 38-39, टीएसएफसी बिल्डिंग, (निकट आईसीआईसीआई टॉवर्स), फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, गच्ची बावली, हैदराबाद, तेलंगाना-500032** आवेदन के लिफाफे के बाहर **''.............................. के पद के लिए आवेदन''** अवश्य लिखा जाना चाहिए. अनिवार्य दस्तावेज/प्रमाणपत्रों, आवेदन प्रपत्र/पंजीकरण स्लिप के साथ संलग्न अनुलग्नकों के पीछे अपना नाम और पंजीकरण संख्या अवश्य लिखें. सभी प्रकार से परिपूर्ण आवेदन **23 अगस्त 2022** तक अवश्य पहुंच जाने चाहिए.
- पंजीकरण स्लिप, बीडीएल द्वारा मांगे गए अन्य अनिवार्य दस्तावेज निर्धारित तारीख (23 अगस्त 2022) तक प्राप्त न होने की स्थिति में ऑनलाइन आवेदन रद्द कर दिया जाएगा.

उम्मीदवारों को केवल एक बार आवेदन करने की अनुमति होगी और आवेदन एक बार जमा होने के बाद किसी भी परिस्थिति में उसमें संशोधन नहीं हो पाएगा. आवेदन प्रपत्र में वर्णित ईमेल आईडी/मोबाइल नंबर अगले 12 महीने तक वैध रहने चाहिए ताकि भविष्य में पत्राचार जैसे लिखित परीक्षा/साक्षात्कार आदि के लिए कॉल लैटर संबंधी जानकारी इनके माध्यम से उम्मीदवारों तक पहुंच सके. उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई अवैध/गलत ईमेल आईडी अथवा ईमेल के स्पैम/बल्क मेल फोल्डर में डिलिवर होने अथवा किसी सूचना में विलम्ब होने/कोई सूचना प्राप्त न होने, उम्मीदवारों को भेजी गई किसी ईमेल के बाउंसिंग/क्षति और किसी उम्मीदवार द्वारा अपना मेल/वेबसाइट समय पर एक्सेस करने में विफल रहने, जैसे मामलों में बीडीएल जिम्मेदार नहीं होगा.

**महत्वपूर्ण तारीखें :**

| गतिविधि | निर्धारित तारीख |
| --- | --- |
| **आवेदनों के ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया का शुभारंभ** | **16 जुलाई, 2022 को 1400 बजे** |
| **आवेदनों के ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया का समापन** | **16 अगस्त, 2022 को 2300 बजे** |
| **उपरोक्त पैरा -ञ में वर्णित सभी अनिवार्य दस्तावेज के साथ आवेदन प्रपत्र की हार्ड कॉपी प्राप्त होने की अंतिम तारीख** | **23 अगस्त, 2022** |
| **विज्ञापित पदों के लिए लिखित परीक्षा और साक्षात्कार की अनुमानित तारीख उचित समय पर कंपनी वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी.** | |

इस विज्ञापन और चयन प्रक्रिया के संदर्भ में कोई जानकारी/अपडेट/शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो, तो उसे केवल बीडीएल वेबसाइट **http://bdl-india.in** पर अपलोड किया जाएगा. कृपया अद्यतन जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें. ऑनलाइन आवेदन करते समय कोई सवाल पूछने या कठिनाई होने की स्थिति में आप हमें इस ईमेल आईडी **hrcorp-career@bdl-india.in** पर लिख सकते हैं.

# रोजगार के अवसर
## (संक्षिप्त जानकारी)

### टेक्सटाइल मिनिस्ट्री
पद - जूनियर वीवर, सीनियर प्रिंटर आदि
पद संख्या - कुल 29 पद
अंतिम तिथि - 23 अगस्त, 2022
http//handlooms.nic.in/

### एमपीपीईबी
पद - सब इंजीनियर व अन्य
पद संख्या - कुल 2557 पद
अंतिम तिथि - 16 अगस्त, 2022
http://peb.mp.gov.in/

### डीएसएसएसबी
पद - मैनेजर व अन्य
पद संख्या - कुल 547 पद
अंतिम तिथि - 27 अगस्त, 2022
https://dsssb.delhi.gov.in/

### टीएचडीसी
पद - इंजीनियर
पद संख्या - कुल 109 पद
अंतिम तिथि - 19 अगस्त, 2022
https://thdc.co.in/

### सीसीआरएएस, नई दिल्ली
पद - रिसर्च ऑफिसर, फार्मासिस्ट आदि
पद संख्या - कुल 38 पद
अंतिम तिथि - 14 अगस्त, 2022
http//www.ccras.nic.in/

### सीएसआईआर-लखनऊ
पद - सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट व अन्य
पद संख्या - कुल 10 पद
अंतिम तिथि - 18 अगस्त, 2022
http://iitrindia.org/

### ओपीएससी
पद - असि. एग्रीकल्चर इंजीनियर
पद संख्या - कुल 102 पद
अंतिम तिथि - 12 अगस्त, 2022
https://opsc.gov.in/

### यूपी-एनएचएम
पद - सीएचओ
पद संख्या - कुल 5500 पद
अंतिम तिथि - 9 अगस्त, 2022
https://upnrhm.gov.in/

## सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी

1. राजस्थान के बूंदी जिले का संस्थापक है?
(अ) बाग भट्ट (ब) सोलंकी राजपूत
(स) राव देशराज (द) जगमाल सिंह

2. राजस्थान के किस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि उसके निर्माण में पानी के स्थान पर घी इस्तेमाल किया गया था?
(अ) श्रीनाथ जी मंदिर, नाथद्वारा (ब) भाड़ा शाह जैन मंदिर, बीकानेर
(स) सांवलियाजी मंदिर, चित्तौड़गढ़ (द) इनमें से कोई नहीं

3. हाल ही में भारत के कितने नये स्थलों को रामसर साईट घोषित किया गया है?
(अ) 3 (ब) 4 (स) 5 (द) 6

4. 'बार काउंसिल ऑफ राजस्थान' का नवीन भवन कहाँ बनाया जा रहा है?
(अ) जयपुर (ब) अजमेर (स) कोटा (द) जोधपुर

5. 'पैलेस ऑन व्हील्स' रेल किसके द्वारा पुनः प्रारंभ की जाएगी?
(अ) उत्तर-पश्चिम रेलवे (ब) राजस्थान पर्यटन विभाग
(स) राजस्थान पर्यटन विकास निगम (द) इनमें से कोई नहीं

6. राजस्थान में पहला महिला वित्तीय संस्थान' स्थापित करने के लिए स्त्रीनिधि तेलंगाना ने किस संस्था के साथ MoU किया है?
(अ) राजीविका (ब) ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(स) महिला अधिकारिता निदेशालय (द) महिला एवं बाल विकास विभाग

7. मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने घर-घर औषधि योजना का विस्तार कर नए रूप में किस कार्यक्रम को मंजूरी प्रदान की है?
(अ) हरित राजस्थान (ब) हरित राजस्थान-स्वस्थ राजस्थान
(स) हर घर पौधा अभियान (द) कोई सीमा नहीं

8. जैसलमेर जिले का क्षेत्रफल राज्य के कुल क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत है?
(अ) 13.22% (ब) 15.31% (स) 12.31% (द) 11.22%

9. राजस्थान की सबसे पुरानी डेयरी 'पद्मा' स्थित है?
(अ) जयपुर (ब) अजमेर
(स) कोटा (द) भरतपुर

10. हाल ही में किस राज्य सरकार ने 'फैमिली डॉक्टर' प्रोजेक्ट लागू करने का निर्णय लिया है?
(अ) आंध्र प्रदेश (ब) राजस्थान
(स) हरियाणा (द) इनमें से कोई नहीं

11. जुलाई 2022 में किस भारतीय नागरिक को विश्व बैंक का मुख्य अर्थशास्त्री नियुक्त किया गया है?
(अ) रघुराम राजन (ब) गीता गोपीनाथ
(स) इंदरमीत गिल (द) इनमें से कोई नहीं

12. हाल ही में किसने 'ई-अमृत' मोबाइल ऐप किसने लॉन्च किया है?
(अ) संस्कृति मंत्रालय (ब) शिक्षा मंत्रालय
(स) गृह मंत्रालय (द) नीति आयोग

13. कौन-सा वायु प्रदूषण के जैविक सूचक का प्रसिद्ध उदाहरण है?
(अ) लाइकेन्स (ब) गुलाब
(स) मेथिल मरक्यूरि (द) इनमें से कोई नहीं

14. कौनसा रोग जल में आर्सेनिक की बहुलता के कारण होता है?
(अ) मंदाग्नि (ब) अल्जाइमर
(स) त्वचा कैंसर (द) इनमें से कोई नहीं

15. हेपेटाइटिस रोग किस अंग को प्रभावित करता है?
(अ) यकृत (ब) बड़ी आंत
(स) आमाशय (द) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरमाला**

1(स) 2(ब) 3(ब) 4(द) 5(स) 6(अ) 7(ब) 8(द)
9(ब) 10(अ) 11(स) 12(द) 13(अ) 14(स) 15(अ)

## बेरोजगारी भत्ते से मिली जीवन को नई दिशा



प्रार्थी का नाम - श्री हनुमान प्रसाद चौधरी

**सक्सेस स्टोरी**

मेरा नाम हनुमान प्रसाद चौधरी है। मैं जयपुर जिले के फागी जयपुर का निवासी हूँ। मैंने स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसके पश्चात् मैंने राजस्थान सरकार की मुख्यमंत्री युवा संबल योजना में बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन किया जिसके तहत पटवार मण्डल झाडला, जयपुर में इंटर्नशिप का मौका मिला। राज्य सरकार की तरफ से दिए जाने वाले बेरोजगार भत्ते की सहायता से मैंने कई प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की और इससे मुझे वित्तीय सहयोग प्राप्त हुआ और अभी मेरा चयन Sub Inspector BSF के पद पर हुआ है।



प्रार्थी का नाम - श्री प्रदीप बैरवा

**सक्सेस स्टोरी**

मेरा नाम प्रदीप बैरवा है। मैं जयपुर जिले के कानोता तहसील के सेवापुरा गाँव का निवासी हूँ। मैंने राजस्थान कॉलेज से अपनी बी.एस.सी. पूरी की है। इसके पश्चात् मैंने राजस्थान सरकार की मुख्यमंत्री युवा संबल योजना में बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन किया जिसके तहत राजस्थान मॉडल करियर सेंटर एंप्लॉयमेंट एक्सचेंज, जयपुर में इंटर्नशिप का मौका मिला। राज्य सरकार की तरफ से दिए जाने वाले बेरोजगार भत्ते की सहायता से मैंने कई प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की और इससे मुझे वित्तीय सहयोग प्राप्त हुआ और अभी मेरा चयन कनिष्ठ सहायक के पद पर रक्षा मंत्रालय में हुआ है।

## वार्षिक अभिदाताओं हेतु आवश्यक सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश (पाक्षिक) के वार्षिक अभिदाता बनने हेतु अथवा वर्तमान में चल रहे अभिदाता जिनका वार्षिक शुल्क समाप्त होने जा रहा है वे रुपए 40/- की राशि का भारतीय पोस्टल आर्डर या डिमान्ड ड्राफ्ट सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश के पक्ष में भेजकर इस पाक्षिक पत्र के वार्षिक सदस्य बन सकते हैं। - संपादक

## सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश के प्रकाशित लेखों एवं प्रशिक्षण एक परिचय में प्रयुक्त विषय वस्तु लेखकों / संस्थानों की अपनी है। सम्पादक इन विषय वस्तु एवं इनसे उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के विवाद के लिए किसी भी तरह उत्तरदायी नहीं है। - सम्पादक

## राजस्थान रोजगार संदेश

मुख्य सम्पादक
**प्रवीण माथुर**
निदेशक, रोजगार सेवा निदेशालय
राजस्थान, जयपुर
मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक
**हरी राम बडगूजर**
सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश, जयपुर,
डाक का पता : सहायक निदेशक प्रकाशन, दरबार स्कूल परिसर,
गोपीनाथ मार्ग, जयपुर, पिनकोड- 302001, फोन- 2368398
e-mail— adrs.jpr.emp@rajasthan.gov.in

स्वत्वाधिकारी, रोजगार सेवा निदेशालय, राजस्थान सरकार के लिए मुद्रक सहायक निदेशक(प्रकाशन) द्वारा डी.बी. कॉर्प लि. 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर, फोन - 014193981148 (भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, टोंक रोड़, जयपुर) से मुद्रित एवं दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-हरी राम बडगूजर